''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 59 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाकर अपने विकास की राह आसान बनाएं : मनोज तिवारी

### प्रवीण बत्रा जोशी को भारी मतों से विजयी बनाकर मेयर की कुर्सी पर बिठाएंगे : मनोज तिवारी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सांसद मनोज तिवारी ने फरीदाबाद में धुआंधर प्रचार करते हुए 3 जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के समर्थन में डबुआ सब्जी मंडी आयोजित जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। देश उनकी एक आवाज पर खड़ा नजर आता है। मेयर व पार्षद के चुनाव में भी हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एकता के सूत्र को मजबूत बनाकर भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी और सभी भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाना है।

डबुआ सब्जी मंडी में फरीदाबाद से भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर मेयर बनाने की अपील की। उनके आह्वान पर लोगों ने हाथ उठाकर आश्वस्त किया कि प्रवीण बत्रा जोशी को भारी मतों से विजयी बनाकर मेयर की कुर्सी पर बिठाएंगे। श्री तिवारी ने कहा कि विकास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है। समाज के हर वर्ग को मजबूत करने का काम सिर्फ भाजपा ने ही किया है, दूसरे दल स्वार्थ की राजनीति करते हैं। भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करता है और हम दूसरों की तरह झूठ और फरेब की राजनीति नहीं करते। हमारे लिए राजनीति का मतलब सेवा है। श्री तिवारी ने कहा कि हम सब मिलकर फरीदाबाद से भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ-साथ सभी मतदाता भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाएं।

इस अवसर पर विधायक सतीश फागना, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, कविंद्र फागना, बिजेंद्र नेहरा, वार्ड-9 से संगीता भाटिया, वार्ड-10 से भगवान सिंह और वार्ड-11 से बबीता भड़ाना, वार्ड-8 से प्रत्याशी राकेश लोहिया भी सभा में मौजूद रहे। तिगांव विधानसभा में भी मनोज तिवारी ने किया प्रचार तिगांव विधानसभा के ईस्माइलपुर में भी मनोज तिवारी चुनाव प्रचार करने पहुंचे और एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान खाद्य मंत्री राजेश नागर, मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, वार्ड-26 से पार्षद प्रत्याशी लाल कुमार मिश्रा, वार्ड-27 से सरोज शीशराम मौजूद रहे।

तिगांव विधानसभा के ही पल्ला में आयोजित जनसभा में मनोज तिवारी ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ वार्ड-24 से प्रत्याशी अजय प्रताप भड़ाना, वार्ड-25 से प्रत्याशी सीमा सुमंत व वार्ड-28 से अमित भारद्वाज के लिए भी वोटों की अपील की।

### शहर को बेहतर बनाने का सपना पूरा करेंगे: प्रवीण बत्रा जोशी



मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। जनता के हित में, प्रदेश के विकास का काम कर रही है। जैसे ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी, हम फरीदाबाद के विकास को और तेज गति से करेंगे। जनता का सहयोग और समर्थन उन्हें चाहिए। उन्होंने 2 मार्च को कमल के बटन पर मोहर लगाकर भाजपा को जिताने की अपील की ।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट से प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में किये जा रहे चहुँमुखी विकास कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों विशेषकर गरीब और पिछड़ा वर्ग के लिए निरंतर कल्याणकारी योजनाएं लागू कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सफल प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज़ करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों को भी अब केंद्र की हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा।

**आगामी निकाय चुनाव को लेकर भी प्रधानमंत्री से हुई चर्चा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिला महत्वपूर्ण मार्गदर्शन**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश लगातार विकास के मामले में नए आयाम छू रहा है और आमजन प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि हरियाणा में हो रहे निकाय चुनावों में भी जनता प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर मुहर लगाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा को और भी विकसित बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा प्रदेश में हवाई, रेलमार्ग और सड़क यातायात को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ताकि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से स्थानीय लोगों सहित निवेशकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके और हरियाणा प्रदेश तीव्र गति से देश में सबसे बड़ा निवेश हब बन सके। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से प्रदेश का विकास सुनिश्चित कर रही हैं और विकास के मामले में हरियाणा राज्य अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की ढाई करोड़ नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकास राष्ट्र बनाने के सपने में हरियाणा अपना अहम योगदान देगा और भारत के साथ-साथ हरियाणा भी विकसित राज्य बनेगा।

## भाजपा ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया है संकल्प पत्र : प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली

**प्रमुख चौक पर ऑटो स्टैंड, प्रत्येक वार्ड में राष्ट्रीय ध्वज, पार्कों में शौर उर्जा वाले ट्यूबवैल, सफाई मित्रों की निगम में भर्ती सहित दो दर्जन संकल्पों पर काम करेगी भाजपा**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के सामने संकल्प पत्र की रखी मुख्य-मुख्य बातें**

**फ़रीदाबाद नगर निगम को क्लीन-टाउन, ग्रीन-टाउन में बदलने के सपने को करेंगे पूरा : पंडित मोहन लाल बड़ौली**

**जाम मुक्त और जलभराव मुक्त फरीदाबाद बनाने पर रहेगा ट्रिपल इंजन की सरकार का फोकस : बड़ौली**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद नगरों में तेज गति से विकास होने का दावा किया। फरीदाबाद में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम के लिए तैयार किए गए संकल्प पत्र की मुख्य-मुख्य बातें रखी। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र फरीदाबाद के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और जनभावनाओं के अनुसार तैयार किया गया संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर व्यक्ति के लिए न्याय करने वाली सरकार है। इस मौके पर संकल्प पत्र कमेटी के चेयरमैन एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे।

श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संकल्प पत्र के एक-एक वादों को गारंटी के साथ पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य मानसून से पहले गड्ढों को भरना है ताकि जलभराव से बचा जा सके। मेवला-महाराजपुर अंडरपास, ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास और ग्रीनफील्ड अंडरपास जैसी मुख्य सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि हम हर गली उन्नत गली योजना शुरू करेंगे जिसके तहत जवाहर कॉलोनी, सारन, पावित्य कॉलोनी, पाली रोड, बड़खल गांव, अंखिर गांव, एसजीएम नगर और संजय कॉलोनी जैसे मार्गो पर सड़क रखरखाव और जल निकासी प्रणाली की सफाई पर खास ध्यान दिया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीवर सुधार अभियान के तहत पूरे शहर के प्रमुख इलाकों के सीवरेज की साल में दो बार सफाई, गोंछी ड्रेन की सफाई प्राथमिकता के आधार पर एक निश्चित समय सीमा के तहत की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 86 और 87 की ऊंची इमारतों को मुख्य सीवर लाइन से जोड़ेगा, जिससे वर्षों से लंबित बुनियादी ढांचे की समस्या हल हो जाएगी।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ''निर्मल फरीदाबाद अभियान'' चलाकर कचरा निपटान प्रणाली को तत्काल और दीर्घकालिक सुधारों के माध्यम से सशक्त किया जाएगा, जिससे फ़रीदाबाद नगर निगम को क्लीन-टाउन, ग्रीन-टाउन में बदलने के सपने को पूरा कर सकेंगे। पूरे शहर में 90 दिनों के भीतर खुले स्थानों में जमे कचरे को हटाया जाएगा और क्षेत्र को साफ-सुथरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों के लिए नगर निगम में स्वीकृत पदों को नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाएगा। राज्य सरकार के साथ मिलकर नए कचरा संग्रहण टेंडरों की मंजूरी सुनिश्चित की जाएगी और पिछले ठेकेदार से संबंधित विवादों का समाधान किया जाएगा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्रों में सीसीटीवी के तहत निगरानी बढ़ाई जाएगी। डबुआ कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, बड़खल गांव, फतेहपुर चंदीला, बसेलवा कॉलोनी पर विशेष फोकस रहेगा। पूरे नगर निगम क्षेत्र में हर महीने एंटी-पेस्ट फॉगिंग करवाएंगे ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता बनी रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रमुख बाजारों के पास बहुमंजिला कार पार्किंग का निर्माण, पार्को में सौर-ऊर्जा वाले ट्यूबवेल स्थापित करेंगे ताकि हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिले और जल आपूर्ति सुनिश्चित हो।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जीवन बिजली सुरक्षा योजना के तहत सभी वार्डों में बिजली के तारों को व्यवर्स्थित किया जाएगा और खुले तारों को सुरक्षित किया जाएगा। इसे वार्ड नंबर 1 से वार्ड नंबर 5 तक प्राथमिकता के आधार पर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा निगम क्षेत्र में 24 घंटे बिजली और पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर प्रमुख चौक पर विशिष्ट ऑटो स्टैंड बनाए जाएंगे ताकि यातायात एवं ट्रैफ़िक जाम में सुधार हो। इसके अलावा हमारा लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करना। मुख्य बाज़ार में साफ़ शौचालय का निर्माण कराया जाएगा, सब्जी और फल रेहड़ीवालों के लिए एक अलग क्लस्टर बनाएंगे जिससे बाजारों में अतिक्रमण को रोका जा सके।

श्री बड़ौली ने कहा कि फरीदाबाद में यातायात जाम की समस्या को हल करने के लिए, हम सफ़र सुविधा मिशन लागू करेंगे, जिसमें एकीकृत ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस ) की स्थापना खासतौर पर बड़खल चौक, अजरौंडा चौक, बाटा चौक, बीपीटीपी चौक और ओल्ड फरीदाबाद में होगी, जिसमें स्मार्ट सिग्नल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी। सभी ट्रैफिक लाइटों की मरम्मत और रखरखाव कार्य को दिसंबर 2025 तक पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनआईटी 1, एनआईटी 5, ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान भी चलाया जाएगा।

एक सवाल पर बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में कांग्रेस मुक्त भारत का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस कहीं भी दिखाई नहीं दे रही। जनता ने पूरे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के इतिहास में प्रदेश के लोगों ने भाजपा को ही लगातार तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है। श्री बड़ौली ने कहा कि जनता निकाय चुनाव में भी भाजपा को जनसेवा का अवसर देगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार कल्याणकारी निर्णय लेकर हर वर्ग का ख्याल रख रही है। पूरे प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में बना हुआ है। हरियाणा के मतदाता कांग्रेस का हाल दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसा ही करने वाले हैं।

प्रेसवार्ता में निकाय चुनाव संकल्प समिति के चेयरमैन एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक सतीश फागना, विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, भाजपा जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, अनुसाशन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, राजीव जेटली, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, राज मदान, आभाष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## चेयरमैन विनोद बापना ने भाजपा प्रत्याशी को करवाया उद्योग संबंधी समस्याओं से अवगत



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरूग्राम।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में अपनी ऐडी से चोटी तक का जोर लगा दिया है तथा अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्येक जन तक पहुंचकर मतदान की अपील की जा रही है, ताकि भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित की जा सकें। इसी कड़ी में गुरूग्राम नगर निगम से चेयरपर्सन पद की भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार राजरानी मल्होत्रा गुरुवार को गुरूग्राम में स्थित कैपेरो मारूती के मुख्य कार्यालय में पहुंची तथा उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान कैपेरो मारूती के सीईओ व सीआईआई गुरूग्राम जोन के चेयरमैन विनोद बापना ने भाजपा प्रत्याशी राजरानी का स्वागत करते हुए उन्हे उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। विनोद बापना ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक जाम, बरसाती पानी की निकासी, गंदगी सहित विभिन्न समस्याएं गहराई हुई है, जिसके चलते व्यापारियों को अपने उद्योगों में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बापना ने कहा कि व्यापारियों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी वे विभिन्न समस्याओं से घिरे रहते है, जिसका नकारात्मक असर उनक उद्योग पर पड़ता है। ऐसे में हम मांग करते है कि उद्योग संबंधी विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाए जाने की जरूरत है। कैपेरो मारूती के सीईओ व सीआईआई गुरूग्राम जोन के चेयरमैन विनोद बापना द्वारा बताई गई समस्याएं सुनने के बाद चेयरपर्सन पद की भाजपा प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य प्रत्येक जन की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना है। ऐसे में वे विश्वास दिलाती हैँ कि यदि गुरूग्राम नगर निगम से उन्हे मौका मिलता है तो वे भाजपा के मूल उद्देश्य पर चलते हुए पहली कलम से उद्योग संबंधी समस्याओं का समाधान स्थायी तौर पर करवाएंगी ।इस अवसर पर गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तिलक राज मल्होत्रा, बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री गार्गी कक्कड़ समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दी



**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को देश के महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन की स्मृति में मनाया जाता है।**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर वीरवार को प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार समाज की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कल्याण ने युवाओं से आग्रह किया कि वे विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाएं और अनुसंधान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, जिससे हरियाणा और देश का भविष्य उज्ज्वल हो सके। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को देश के महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन की स्मृति में मनाया जाता है। कल्याण ने कहा कि यह दिन न केवल विज्ञान के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है, बल्कि समाज के विकास में विज्ञान की भूमिका को भी रेखांकित करता है। हमारे वैज्ञानिकों ने चिकित्सा, अंतरिक्ष, पर्यावरण, कृषि और डिजिटल तकनीक जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज, हमें विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने, युवाओं को विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

**राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार**

**समाचार गेट**

**में खबरों व विज्ञापन के लिए संपर्क करें :**

| | |
|---|---|
| नरवीर यादव | जितेंद्र मोर |
| 9212339503 | 9999263485 |
| कृष्णा शर्मा | सुमित गोयल |
| 9818180269 | 9212213121 |

samachargate@gmail.com

# सचिवालय कर्मचारी ने पत्नी-बच्चों को बनाया बंधक: हवन कर भभूत लगाया







**लखनऊ।** के आशियाना इलाके में सचिवालय के लाइनमैन राम सागर ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसने पत्नी, बेटी और बेटे को घर में बंधक बनाकर हवन किया। पूरे घर में धुआं भर गया। इसके बाद खुद के शरीर पर राख मली और चापड़, बांका लेकर छत पर पहुंचा। वहां खुद को कमरे में बंद कर लिया। बाद में खिड़की खोला और मोहल्ले के लोगों को गाली देने लगा। सूचना पर एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल समेत कई थानों की पुलिस पहुंची। तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और दमकल टीम ने उसे कमरे से निकालकर गिरफ्तार किया। राम सागर यादव ने यह ड्रामा बुधवार की शाम को किया। घर पर उसकी पत्नी रामकली यादव, बेटी डिंपल यादव और बेटा छोटू यादव था। उसने सभी को पहले कमरे में बंद किया। फिर सभी के मोबाइल छीन लिया। बरामदे में आम की लकड़ी रखकर आग लगाया और हवन करने लगा। पूरे घर में धुआं भरा तो पत्नी, बेटी और बेटा खांस-खांस कर बेहाल हो गए। तीनों की हालत बिगड़ गई। भभूत लगाया, चापड़ और बांका मलते हुए छत पर पहुंचा राम सागर अपने पूरे शरीर पर राख मलकर चापड़ और बांका उठाया। दोनों को आपस में रगड़ने लगा। कुछ देर बाद रगड़ते हुए वह तीसरे माले की छत पर पहुंचा। यहां खुद को भी कमरे में बंद कर लिया और चीख-चीखकर लोगों को गाली देने लगा। उपद्रव देख लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह, एसीपी कैंट समेत कई थानों का पुलिस बल पहुंचा। पुलिस को देखकर राम सागर और भड़क गया।

## विद्युत समस्याओं को लेकर कम्युनिस्टों ने सौंपा ज्ञापन




**कुशीनगर।** नगर स्थित तहसील कार्यालय पर में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) द्वारा प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह को सौंप विद्युत के निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने के फैसले को वापस लेने की मांग की। गुरुवार को पार्टी राज्य कमेटी के आह्वान पर माकपा जिला मंत्री कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विद्युत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिल सचिव कामरेड श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से आमजन की समस्याएं बढ़ गई हैं। विद्युत विभाग का निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाय। ज्ञापन में पूर्वान्चल और दक्षिणाचंल वितरण निगमों सहित बिजली तंत्र के किसी भी हिस्से का निजीकरण न करने, स्मार्ट मीटर का प्रस्ताव तत्काल वापस लेने, उपभोक्ताओं को मिलने वाला गलत बिल, खराब ट्रांसफार्मर, जर्जर तार को तुरन्त बदलने, 20 घंटा बिजली आपूर्ति पूर्ण वोल्टेज के साथ देने, बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, नीलगायों से फसलों को बचाने का कारगर उपाय करने, सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में फसल पैदावार का लाभकारी मूल्य की कानूनी गारन्टी जोड़ने और मनरेगा बजट बढ़ाने की मांग की गई। इस अवसर पर का0. एडवोकेट विजय कुमार श्रीवास्तव, का0 इदरीश सिद्दकी, का0. गेंदा सिंह, का0. जवाहिर शर्मा, का0. वीपी गुप्ता, का0. रामेश्वर सिंह, का0. दुर्गा प्रसाद यादव, का0. रामनरेश यादव, का0. कलामुद्दीन, का0. होसिल, का0. दल्लू यादव, कैलाश गिरी, कैलाश गोंड, का0. राजेंद्र सिंह, का0. राजदेव, का0. महमूद, का0.शंकर प्रसाद, बिस्मिल्लाह आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन





**गोंडा।** में अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकीलों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। अंबेडकर चौराहे के पास गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हजारों की संख्या में वकीलों ने एक घंटे तक जाम लगाकर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान हाईवे पर लंबा जाम लगने से आम जनता को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में लाया जा रहा यह बिल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता को सीमित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बिल को लाने से पहले किसी भी वकील से चर्चा नहीं की, जो अधिवक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है। वकीलों ने इस बिल को वापस लेने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। गोंडा जिले के सदर, मनकापुर, तरबगंज और कर्नलगंज तहसील के वकीलों ने भी इस बिल का विरोध किया। सभी तहसीलों के वकीलों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और राष्ट्रपति से इस बिल को वापस लेने की अपील की। वकीलों की हड़ताल के कारण वादकारियों को जिला और तहसील मुख्यालयों में परेशानियों का सामना करना पड़ा, जहां उन्हें बिना पैरवी किए ही लौटना पड़ा। सरकार के खिलाफ की नारेबाजी वकीलों ने केंद्र सरकार और कानून मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि यह बिल वकीलों पर सरकारी दबाव बढ़ाएगा और उनकी स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करेगा। प्रदर्शन के बाद सभी वकील अपने-अपने चैंबर में लौट गए। लगातार हो रहे इस तरह के प्रदर्शन से न केवल वादकारी परेशान हो रहे हैं।

## दवा के साथ पौष्टिक आहार लेकर शीघ्र स्वस्थ रहे टीबी रोगी: डॉ. मुकेश यादव

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग रहेगा अग्रणी-बीएसए




**कुशीनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कसया एवं फाजिलनगर के परिसर में गुरुवार को 75-75 कुल 150 टीबी रोगियों को बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। अब तक का एक दिन में सर्वाधिक टीबी रोगियों को गोद दिलाने का रिकार्ड भी कायम हो गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिये आमजन का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग अग्रणी भूमिका में रहेगा। सभी को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ही टीबी रोग को समाप्त कर सकते है। विशिष्ट अतिथि के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि टीबी रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। अध्यक्षता कर रहे बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी के भागीदारी से ही जनपद टीबी मुक्त हो सकता है। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र तथा शिक्षक तामेश्वर पाठक ने किया। अतिथियों का स्वागत शिक्षक नेता राजेश कुमार शुक्ला ने किया तथा आभार ज्ञापन प्रदाध्यापक भगवन्त कुमार सिंह ने किया। इस दौरान एसटीएस शाहिद अंसारी, रोटरी क्लब कुशीनगर अध्यक्ष वाहिद अली,आदित्य तिवारी, शिक्षक छेदी प्रसाद, ध्रुव नारायण सिंह, अविनाश शुक्ला, विद्यासागर पांडेय, कलमदानी सिंह, जैनुल आब्दीन अंसारी, अरुण कुमार वर्मा, मनोज कुमार सिंह, शैलेश कुमार, दयाशंकर सिंह, रामेश्वर सिंह, संजू सिंह, प्रतिमा सिंह, रणजीत सिंह, राकेश सिंह, उर्मिला उपाध्याय, फरहद अली, अखिलेश शर्मा, महेश प्रसाद रजक, महेन्द्र सिंह, बदरूज्जमा सिद्दीकी, दीपेश कुमार सिंह, निशांत कुमार पाण्डेय, अरुणेश कुमार मिश्र, नसरीन अख्तर, सुनीता सिंह, अनामिका शाही, रेनू पाण्डेय, अनिल कुमार द्विवेदी, रेनू सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, अन्नू मौर्या, विनोद प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अतीक अहमद, ब्रजनारायण प्रसाद गोंड, रवीन्द्र कुमार टैगौर, कृष्ण मोहन, हरिन्द्र कुमार चौरसिया, अनीता मिश्रा, रंजीता सिंह, प्रियंका पाण्डेय, मनोज कुमार चतुर्वेदी, रश्मि सिंह तोमर, गौरव मद्धेशिया, अमला प्रसाद, पयोदकान्त मिश्र, दिनेश यादव, रामचन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह, मुरलीधर पाण्डेय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मीनी जायसवाल, सत्येन्द्र तिवारी, पुष्पा सिंह, सुभाष वर्मा, अशोक प्रताप सिंह, सरिता, अनीता साहनी, अजय कुमार जायसवाल, अशोक कुमार, सुशील शर्मा, राजकिशोर सिंह, मणि प्रभा, राजेश प्रजापति उपस्थित रहे।

## डुमरी चुरामनछपरा महोत्सव प्रतिभाओं को निखारना हम सबका दायित्व: बंटी भइया



**कुशीनगर।** कसया क्षेत्र के डुमरी चुरामनछपरा में बुधवार की रात चुरामनछपरा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें गांव की प्रतिभाओं को अपना कला दिखाने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भइया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बलिराम राव, व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव द्वारा सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। गांव के बच्चों द्वारा शिव विवाह का सजीव चित्रण देख कर वहां मौजूद लोगों ने बहुत सराहा। नशा मुक्ति अभियान पर नाटक, दहेज प्रथा पर नाटक, सरस्वती बंदना और एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलाकार कल्लू, आयुष, सुरज, अंशिका, निधि, अंजलि, राधा, मनोरमा, मन्नू, बर्षा, आशु, कुंज, प्रियंका आदि ने अपनी अपनी कला कौशल दिखाया। सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भइया ने कहा कि गांव की प्रतिभा को निखारना हम सभी का दायित्व है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बलिराम राव ने कहा कि गांव में उभर रही प्रतिभा को सही मंच गांव में ही मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील मिश्रा और संचालन इनद्रेश सिंह ने किया। आयोजक मण्डल के सदस्य नितिश मद्धेशिया ने आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, राजेश कुमार, राजकुमार मदेशिया, पवन मद्धेशिया, जोगिंदर मद्धेशिया, अखिलेश सिंह, प्रदीप मद्धेशिया, सटू मोहन आदि मौजूद रहे।

## ऑटो-ई-रिक्शा चालकों को मिली हिदायत

**लखनऊ।** पचदेवरा थाना प्रभारी निरीक्षक अब्दुल जब्बार खां ने गुरुवार को अनंगपुर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से नाबालिग चालकों को वाहन न चलाने की चेतावनी दी। नियम तोड़ने पर 25 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। थाना प्रभारी ने चालकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल से ही सवारियां लेने और उतारने को कहा।सड़क पर अनावश्यक दो लेन न बनाने की हिदायत दी।परमिट नियमों का पालन करने और वाहन का पंजीकरण कराने पर जोर दिया।शराब पीकर वाहन न चलाने का निर्देश भी दिया गया। सभी चालकों को अपने वाहन पर नाम, पता, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर और फोटो वाली पहचान पट्टिका लगाना अनिवार्य किया गया है।

## रेप के आरोपी कांग्रेस सांसद को नहीं मिली जमानत
## हाईकोर्ट से इनवेस्टिगेशन के लिए मांगा समय



**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को आज भी जमानत नहीं मिल सकी है। कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। विवेचनाधिकारी ने मामले की जांच पूरी करने के लिए 10 दिन का समय मांगा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 11 मार्च तय की है। विवेचनाधिकारी ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभी कुछ महत्वपूर्ण जांच बाकी है। इसके लिए उन्हें 10 दिन का समय चाहिए। कोर्ट ने विवेचनाधिकारी की मांग को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने कहा- जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती राकेश राठौर न्यायिक हिरासत में रहेंगे। जमानत याचिका पर अंतिम निर्णय अगली सुनवाई पर होगा। जांच पूरी होने तक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा जा रहा है। दरअसल, राकेश राठौर सीतापुर से कांग्रेस पार्टी से सांसद हैं। उनके खिलाफ यौन शोषण का आरोप है। मामले में 24 फरवरी को न्यायाधीश राजेश सिंह चौहान की पीठ ने आज सुनवाई की तारीख तय की थी। राठौर ने जमानत याचिका के लिए चार अधिवक्ताओं को नियुक्त किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला के अनुसार, सुनवाई से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज हाईकोर्ट को भेजे जा चुके हैं। विवेचक ने भी जमानत पर अपनी टिप्पणी दाखिल कर दी है। अब विस्तार से जानें पूरा मामला... 5 जनवरी को सीतापुर में एक महिला नेता ने एसपी चक्रेश मिश्र से मुलाकात की। उन्हें शिकायत पत्र सौंपा। महिला नेता ने आरोप लगाया कि सांसद ने उससे राजनीतिक करियर बनाने और शादी का झांसा देकर 4 साल तक शारीरिक शोषण किया। महिला नेता ने जब शादी करने की बात कही तो सांसद ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने सांसद की कॉल रिकॉर्डिंग सहित कई इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पुलिस को सौंपे। रद्ध ने पीड़िता के आरोपों की 2 दिन जांच की। मेडिकल करवाने के बाद आरोपी सांसद के खिलाफ 17 जनवरी को रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराया। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने आपबीती बयां की। 21 जनवरी को सांसद की पत्नी ने की थी प्रेस कॉन्फ्रेंस 21 जनवरी को सांसद की पत्नी नीलम राठौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने पति पर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया था। नीलम ने कहा- उन्हें अपने पति और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। वह हर मायने में लोगों की मदद करते हैं। पूरी तरह से निर्दोष हैं। हालांकि, मीडिया द्वारा पूछे गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना ही वह प्रेस वार्ता से चली गई थीं। राकेश राठौर 2017 के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में सीतापुर से चुने गए थे। मई 2021 में, उनकी निजी बातचीत के कई ऑडियो क्लिप लीक हुए थे। जिसमें वे सरकार की कड़ी आलोचना कर रहे थे। खासकर कोरोना महामारी की प्रतिक्रिया पर। साथ ही पार्टी के भीतर जातिवादी रुझान की भी शिकायत कर रहे थे।भाजपा से सपा, फिर कांग्रेस का दामन थामा भाजपा का दामन छोड़ने के बाद राकेश राठौर ने सपा का रुख कर लिया। हालांकि, 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें सपा ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद राकेश राठौर ने राहुल गांधी से मुलाकात करके कांग्रेस जॉइन कर ली। 2024 के लोकसभा चुनाव में राकेश राठौर ने 4 बार के सांसद राजेश वर्मा को 90 हजार वोटों के अंतर से हराकर अप्रत्याशित जीत हासिल की थी।

## संक्षिप्त डायरी

### विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनता सिखाएगी सबक: राजेश प्रताप



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के कानखोरिया में समाजवादी पार्टी द्वारा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक हितों के लिए एकजुट संघर्ष का आह्वान किया गया गुरुवार को कानखोरिया में हुई पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए कुशीनगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे वरिष्ठ समाजवादी नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी, छात्र सभी परेशान हैं। भ्रष्टाचार, महंगाई चरम पर है। भाजपा अपनी कमियों को छिपाने के लिए जनता को धर्म, जाती के नाम पर गुमराह कर रही है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनेगी। अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि पीडीए के द्वारा ही दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और प्रत्येक वर्ग को न्याय मिलेगा। सभी के प्रति आभार प्रसून जायसवाल ने व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सिकंदर आलम, अरविंद जयसवाल, सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी सनौवर अंसारी, कमलेश गुप्ता, बलिराम निषाद, सुनील सिंह, मुन्ना भारती आदि सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### सीओ यातायात का प्रयागराज में निधन



**फरुर्खाबाद।** के सीओ यातायात जय सिंह परिहार का प्रयागराज में निधन हो गया। वह प्रयागराज कुंभ मेले में ड्यूटी के लिए गए थे। बीमारी के कारण उन्हें 22 फरवरी को प्रयागराज के स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जय सिंह परिहार मूल रूप से फतेहपुर के रहने वाले थे। वर्तमान में वह कानपुर के श्याम नगर में रह रहे थे। फरुर्खाबाद में उनकी तैनाती पहले सीओ कायमगंज के पद पर थी। इसके बाद उन्हें सीओ यातायात की जिम्मेदारी दी गई थी। पुलिस विभाग में शोक की लहर गुरुवार सुबह करीब 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिजनों और पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने उनके निधन की पुष्टि की है।

### महिला आयोग सदस्य ने जांचे सीसीटीवी फुटेज



**सीतापुर।** में राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्य ने तहसील सभागार में महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की। एक प्रसव पीड़िता ने महिला अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि 500 रुपए न देने पर उसे मृत नवजात बच्चा थमा दिया गया डॉ. मौर्य ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच के आदेश दिए। जनसुनवाई में कुल 32 मामले सामने आए। इनमें से 4 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। महिला आयोग की सदस्य ने अधिकारियों को महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक करके इन अपराधों को कम किया जा सकता है। सुनवाई के बाद डॉ. मौर्य ने महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान 25 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव भी मनाया गया। उन्होंने बच्चियों के परिवारों को उपहार दिए। माताओं से बातचीत में उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। डॉ. मौर्य ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मिलकर उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

### आध्यात्मिक संदेश के साथ जयगुरुदेव की धर्म यात्रा



**सीतापुर।** के रेउसा में जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज महाराज का 86 दिवसीय धर्म यात्रा का 75वां पड़ाव पहुंचा। मरखापुर गांव में स्थानीय लोगों ने आतिशबाजी, गाजे-बाजे और फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सत्संग में मानव जीवन की अनमोलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने शब्द की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह आत्मा को जीवन देने वाला तत्व है। संत महात्मा इसी शब्द को आत्मा से जोड़ने का मार्ग बताते हैं। उन्होंने बताया कि जयगुरुदेव जी महाराज ने करोड़ों लोगों को नामदान देकर उनका जीवन परिवर्तित किया। कई लोगों को अपराध की दुनिया से निकालकर आध्यात्मिक मार्ग पर लाए। संत पंकज महाराज ने कहा कि वे भी अपने गुरु के आदर्शों पर चलकर बेहतर समाज के निर्माण में लगे हैं। सत्संग के अंत में महाराज जी ने बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों से शाकाहार और नशामुक्ति अभियान में सहयोग की अपील की।

## संपादकीय

# सिंहासन खाली करो की जनता आती है!

राजनीतिक संस्कार या हो संघर्ष का बवंडर वो उद्गम जहां से निकला भारतीय राजनीति का समुंदर। हर पल का साक्षी। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री की कहानी एक बार फिर से यहीं से शुरू हो गई है। वैसे तो इसे सांप्रदायिक सौहार्द का केंद्र रहा है। इसके एक हिस्से पर मस्जिद है तो कुछ ही दूरी पर एक मंदिर भी है। आंदोलन से क्रांति होती है, क्रांति इतिहास बदलते है और रामलीला मैदान कई बार इसका साक्षी बना है। नई दिल्ली का रामलीला मैदान आजादी की लड़ाई, पाकिस्तान पर जीत इमरजेंसी, राम मंदिर आंदोलन और जनलोकपाल जैसे अनगिनत एतिहासिक हलचलों का गवाह रहा है। उठते हैं तूफान, बवंडर भी उठते जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है। दो राह समय के रथ की घर्घर नाद सुनो, सिंहासन खाली करो की जनता आती है। दिल्ली के रामलीला मैदान से बिहार के बेटे राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की यह कविता लोकनायक जय प्रकाश नारायण के मुख से फूटी तो 1 सफदरजंग रोड पर बैठी इंदिरा गांधी की गद्दी हिल गयी थी।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

इतिहास तो यह भी कहता है कि इस मैदान को अंग्रेजों ने वर्ष 1883 में ब्रिटिश सैनिकों को शिविर के लिए तैयार करवाया था। समय के साथ-साथ पुरानी दिल्ली के कई संगठनों ने इस मैदान में रामलीलाओं का आयोजन शुरू कर दिया, फलस्वरूप इसकी पहचान रामलीला मैदान के रूप में हो गई। दिल्ली के दिल में इससे बड़ी खुली जगह और कोई नही थी इसलिए रैली जैसे बड़े आयोजनों और आम जनता से सीधे संवाद के लिए ये मैदान राजनेताओं का पसंदीदा मैदान बन गया। गुलाम भारत और आजाद भारत के इतिहास में ऐसे मौकों की कमी नही है जब रामलीला मैदान ने अपना नाम दर्ज न कराया हो। इंदिरा गांधी ने पाक से युद्ध की जात का जश्न यही मनाया था। आज़ादी की लड़ाई के दौरान महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल और दूसरे नेताओं के लिए विरोध जताने का ये सबसे पसंदीदा मैदान बन गया था।

मोहम्मद अली जिन्ना से जवाहर लाल नेहरू तक और बाबा राम देव से लेकर अन्ना हज़ार तक सारे लोग इसी मैदान से क्रांति की शुरुआत करते रहे हैं। सन 1945 में हुई एक सभा में जब मोहम्मद अली जिन्ना मुस्लीम लीग को संबोधित कर रहे थे तब उनके भाषण के दौरान उनके मंच के करीब बैठे कुछ लोगों ने नारे लगाने शुरू कर दिए ' 'मौलाना जिन्ना जिदाबाद। वे इस नारे को सुनकर भड़क गए और नारे लगाने वाले को लताड़ते हुए कहा कि मै आपका सियासी नेता हूं न कि मजहबी। इसलिए नारे लगाते हुए बेवकूफी न करें।

इसी रामलीला मैदान में चीन से मिली पराजय के बाद गणतंत्र दिवस के एक कार्यक्रम में लता मंगेशकर ने ऐ मेरे वतन के लोगों गीत गाया था। जिसे सुनकर नेहरू जी की आंखे भर आई थी।रामलीला मैदान में स्थायी मंच 1961 में ही बना था। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ भारत के दौरे पर आई। उनके सम्मान में रामलीला में एक कार्यक्रम होना था। तब यहां स्थायी मंच का निर्माण हुआ था।

1965 में पंडित भारत-पाक युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने इसी मैदान से जय जवान जय किसान का नारा दिया था। जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान से कांग्रेस सरकार के खिलाफ हुंकार भरी थी। 25 जून 1975 को इसी मैदान पर लोकनायक जय प्रकाश नरायण ने विपक्षी नेताओं के साथ ये एलान कर दिया था कि इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंका जाए। उस ऐलान के अगले ही दिन देश को आपातकाल का सामना करना पड़ा था।

वर्ष 2०11 में इसी मैदान पर ही अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ बिगुल फूंका था। इसी मैदान से अरविद केजरीवाल ने अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। जिसके बाद पिछले 14 फरवरी को यहां दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अन्ना आंदोलन के बाद साल 2०11 में ही योगगुरू बाबा रामदेव ने इसी मैदान में नया आंदोलन शुरू किया था। यह आंदोलन काले धन को लेकर था, लेकिन 5 जून को आधी रात में आंदोलन कर रहे लोगों को खदेड़ने के लिए यहां पुलिस घुस आई। आंदोलनकारियों पर आंसू गैस छोड़े गए। लाठी चार्ज किया गया। जिसकी चौतरफा आलोचना हुई।

2012 में केजरीवाल ने इसी मैदान से अपनी नई पार्टी आम आदमी पार्टी का ऐलान किया और फिर 2013 में जब उनकी पार्टी को दिल्ली चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिली, तो उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी इसी रामलीला मैदान में ली। वह एक ऐसा दौर था, जब केजरीवाल को जनता का अपार समर्थन था और रामलीला मैदान इसकी गवाही दे रहा था।

अब 2025 में 27 साल बाद बीजेपी ने दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। ऐसे में पार्टी ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए इसी ऐतिहासिक मैदान को चुनकर न केवल एक रणनीतिक फैसला लिया, बल्कि एक मजबूत राजनीतिक संदेश भी दिया है। भारतीय जनता पार्टी के राम मंदिर आंदोलन का शंखनाद भी यही से हुआ था। भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है कोई नही जानता लेकिन हम इतना तो कह ही सकते हैं कि देश की सरकारें बदलती रही हैं लेकिन रामलीला मैदान वहीं का वहीं है।

# कनीना में बाबा मोलड नाथ मेले की तैयारियां शुरू

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में आगामी 10 मार्च को आयोजित होने वाले बाबा मोलड नाथ के धार्मिक मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मेले में उंट व देशी घोडी दौड मुख्य आकर्षण होता है। जिसमें दूर-दराज से श्रधालु आते हैं। सुभाष यादव व सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि बाबा मोलड नाथ की 74वीं स्मृति में फाल्गुन शुदी एकादशी को आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 मार्च की रात्री आठ बजे से फुटबॉल मैदान में जागरण होगा। जिसमें गायक कलाकार प्रीती चोधरी, आरती जांगडा, जयप्रकाश, गोवंद खांडा धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। 10 मार्च को सुबह 8 बजे सिहोर-छितरोली रोड पर उंट व देशी घोडी दौड होगी जिसमें प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 51 हजार, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 41 हजार, तृतीय स्थान पर रहने वाले को 31 हजार तथा चोथे एवं पांचवे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमश: 21 हजार व 11 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। कुश्ति 51 रूपये से लेकर 31 हजार तक होगी। उंट व घोडी के ग्रुप दौड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रूपये का ईनाम दिया जायेगा। मेले में भंडारे की व्यवस्था रहेगी।

# नगीना की होली का महत्व व अंदाज निराला : रजत जैन

## आपसी प्रेम, भाईचारा सौहार्द ,एकता, सद्भावना की मिसाल है नगीना की होली : रजत जैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** वैसे तो पूरे भारतवर्ष में होली का पर्व पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन कस्बा नगीना में मनाए जाने वाली होली का अपना महत्व व अंदाज निराला है। कस्बा नगीना में मनाए जाने वाली होली के पर्व को लेकर संवाददाता ने सामाजिक कार्यकर्ता रजत जैन से विशेष बातचीत की होली पर नगीना में क्या-क्या होता है क्या नहीं होता है और समय के साथ-साथ होली पर क्या-क्या बदलाव हुए। रजत जैन के अनुसार फाग का महीना रंगों की बहार, गुंजियों की सौगात, भांग का तड़का, अटपटे सवालों के चटपटे जवाब, लोकगीतों का संगम मूर्ख का किरदार सखियों की ठीठोली, युवाओं की टोली हिंदू मुस्लिम के आपसी प्रेम व भाईचारे की महक, ढोल नगाड़ों की गूंज होली मिलन समारोह में आपकी प्यार व सद्भावना का मेलमिलाप,, डीजे का मधुर संगीत, यही तो है नगीना की होली। रजत ने बताया की देश के अन्य हिस्सों में मनाए जाने वाली होली से

### नगीना जैसी होली का आनंद और कहीं नहीं: रजत जैन

अलग कस्बा नगीना में मेवात की सभ्यता व संस्कृति के साथ मनाए जाने वाली होली का अंदाज भी निराला है। होली पर विशेष रूप से बनाए जाने वाले भांग के पकोड़े व ठंडाई होली का आकर्षण को और अधिक बढ़ा देते हैं वहीं ढोल नगाड़ों की थाप के साथ युवाओं के द्वारा हर आयु वर्ग के व्यक्ति के साथ मिलकर कस्बा की गलियों में मिलकर निकलने वाली टोलिया व मजाकिया अंदाज में अटपटे सवालों के चटपटे जवाब होली की ठीठोली में चार चांद लगाकर उसकी खूबसूरती को और बढ़ा देते हैं।

**लोकगीतों का संगम:**

होली पर युवाओं के द्वारा गए गए लोकगीत मेवात की पावन पवित्र माटी (मिट्टी) की सुगंध होली के रस में घोल देती हैं। लोकगीत नगीना तोमें काई का टोटा,नगीना तोमें पानी का टोटा जैसे लोकगीत गाते हैं जो



नगीना में पानी की समस्या को प्रदर्शित करते नजर आते है।

**मूर्ख का हास्य किरदार:**

कस्बा के मनचली युवा कस्बा में एक बुद्धिमान व्यक्ति को होली पर उसे मूर्ख का किरदार के रूप में चुनते हैं जिसे पूरे कस्बा में गधे पर बैठ कर घूमते हैं यह होली में हास्य व्यंग्य की भूमिका को निभा कर लोगों का मनोरंजन कर कर उन्हें लोटपोट कर देता है।

**सखियों की ठीठ़ोली:**

लड़कियां आपस में हंसी मजाक कर कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाती है।

**आपसी प्रेम व भाईचारा:**

हिंदू मुस्लिम समुदाय के प्रेम भाईचारा के कुछ संजोए होली इनके आपके रिश्ते को और अधिक मजबूत करते हुए प्रेम भाईचारे की भीनी भीनी महक घोलकर आपसी एकता को ओर अधिक मजबूत करती है।

**घरों में बनाए जाते है व्यंजन:**

घरों में ग्रहण में परिजनों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं जिनमें मुख्य रूप से दाल बाटी चूरमा,गट्टा की सब्जी, खीर पूरी ,हलवा, इडली डोसा,साम्भर बड़ा, पुआ पकौड़ी दही बड़ा , आदि विशेष रूप से स्वादिष्ट बनाए जाते हैं।

**छोटे लेते हैं बड़ों का आशीर्वाद:**

आयु वर्ग व नाते में छोटे अपने से बड़ों के चरण स्पर्श कर कर उनसे आशीर्वाद लेते हैं बड़े भी सहर्ष उनके जीवन की दीर्घायु व मंगल कामना के साथ उन्हें अपना प्रेम से परिपूर्ण मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**होली मिलन समारोह:**

प्राचीन शिव मंदिर स्थल पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें हर आयु वर्ग का व्यक्ति सम्मिलित होकर होली की खुशी को दोगुनी कर देते हैं होली मिलन समारोह में पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है उसके पश्चात कढी कचौडी गुंजियों अन्य मिष्ठान व पकवान वितरित किया जाता है।

**युवाओं की तैयारी:**

होली के पर्व पर युवाओं के द्वारा गोहरवाली चौक में डीजे की व्यवस्था की जाती है जिसमें पारंपरिक गीत व भजन चलाकर युवा उनकी मधुर धुनों पर मनभावन नृत्य कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर देते है।

**टामक की थाप से बढ़ता है उत्साह:**

होली पर टामक (छोटा नगाड़ा) निकाला जाता है जो ये सूचना देता है कि होली की टोली अब निकल चुकी है आप सब होली के लिए तैयार हो जाए ,टामक की थाप पर हर आयु वर्ग के व्यक्ति का उत्साह देखने योग्य होता है नीचे मार्ग पर होली की टामक बजती है और घरों से टोली पर रंग बिरंगे,रंग, गुलाल पानी के भरे गुब्बारे,व पानी फेंका जाता है जिससे टोली वालों का भी उत्साह कई गुणा बढ़ जाता है।

**अब ये नहीं होता:**

होली का पर्व समीप आते ही एक पखवाड़ा पहले ही कस्बा के युवाओं के द्वारा दीवारों पर हास्य व्यंग्य श्लोकन लिखना प्रारंभ कर देते थे। दुकानों व प्रतिष्ठानों पर कीचड़ के भरे मटके( बिल्टी) फोड़ना शुरू कर देते थे लेकिन अब यह परंपरा बंद है ।बाजार के मध्य में एक बहुत ऊंचा मंच बनाया जाता था जिस पर हास्य व्यंग्य का कार्यक्रम होता था लेकिन अब यह भी बंद हो चुका है।

**होली के बाद गुजियों की सौगात:**

होली खेलने के बाद देवर व जीजा जी अपनी भाभियों में सालियों को भेंट स्वरूप घर जाकर गुंजिया उपहार में उपहार में देते हैं जिस घर का सारा वातावरण गुंजियों की मीठास जैसा हो जाता है।

नगीना कस्बा का आपसी प्रेम भाईचारा सद्भावना सौहार्द एकता दूसरे गांवो के लिए भी एक मिसाल के रूप में कार्य कर रही है।

# सीआईए टीम ने छापेमारी कर आठ युवकों को लूट की योजना बनाते काबू किए

### कनीना-अटेली मार्ग पर भोजावास के समीप दो गाडियों सहित किए काबू

### दूल्हा-दुल्हन सहित लंबी दूरी के बाराती थे निशाने पर, दो पिस्टल, तीन कारतूस सहित लाठी डंडे बरामद



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पुलिस की सीआईए टीम ने कनीना-अटेली मार्ग पर भोजावास में छापेमारी कर लूटपाट की योजना बना रहे 8 युवकों को काबू किया है। जिनसे दो पिस्टल, तीन कारतूस सहित लाठी-डंडे बरामद हुए हैं। पुलिस टीम द्वारा पडतल बस स्टैंड के समीप चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि मारपीट व लूटपाट की घटनाओं में शामिल रहे कुछ युवक वरना व स्कार्पियो कार के साथ बोहका-मोडी-भोजावास सडक मार्ग पर खडे हैं। जो विवाह-शादी में आने-जाने वाले लंबी दूरी के व्यक्तियों को निशाना बनाने के लिए अवसर का इंतजार कर रहे हैं। हथियारों के बल पर सडक के दोनों ओर खडे होकर विशेषकर दूल्हा-दुल्हन की गाडियों की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर मौके पर खडी गाडियों को कब्जे में लेकर पडताल की तो 3 अंदर बैठे एवं 5 बाहर खडे युवकों को काबू कर तलाशी ली तो उनसे तीन पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस सहित लाठी-डंडे बरामद हुए। अनिल वासी मांदी से पिस्टल, रजनीश उर्फ चीकू से 3 जिंदा कारतूस, राहुल वासी मांदी से पिस्टल के अलावा अन्य से लाठी-डंडे बरामद हुए।

इस बारे में कनीना के डीएसपी दिनेश कुमार व सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बगताया कि अपराधिक गैंग में शामिल रहे आरोपी युवकों की पहचान अनिल वासी मांदी, कुलदीप उर्फ केडी वासी रतनपुरा थाना बानसुर, राजस्थान, रजनीश उर्फ चीकू वासी ढाणी चंदू, बानसुर, शुभम व राहुल वासी मांदी, शीलमधुर वासी सुरानी,सुरेंद्र वासी खटोटी थाना हरसोरा, राजस्थान, संजय कुमार निवासी उनिंदा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके विरूध आर्म्स एक्ट सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत तीन अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। एसपी पूजा वशिष्ठ की ओर से बृहस्पतिवार को पत्रकार सम्मेलन आयोजित कर इस बारे में जानकारी दी गई है।

# कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान व कोषाध्यक्ष पद के लिए आज होगा चुनाव

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए 4 उम्मीद्वार मैदान में डटे हुए हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिनेश कुमार यादव व सह चुनाव अधिकारी नवीन कौशिक ने बताया कि प्रधान पद के लिए एडवोकेट वीपी गुर्जर, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, अखिल अग्रवाल सहित 4 उम्मीद्वार तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशी कुमार चुनाव मैदान में हैं। जिनके मध्य मुकाबला माना जा रहा है। बार एसोसिएशन के निवृतमान प्रधान सुनील यादव ने बताया कि एडवोकेट संदीप कुमार उप प्रधान पद के लिए, एडवोकेट सोमबीर सिंह सविव पद के लिए तथा एडवोकेट जितेंद्र सिंह सह सचिव पद के लिए निर्विरोध चुने जा चुके हैं। प्रधान तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक मतदान होगा। जिसमें 156 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेगें। मतदान के बाद मतणना कर परिणाम जारी किए जाएगें।

# मारपीट कर नकदी छीनने के दो आरोपियों को पुलिस ने किया काबू

### कोटिया निवासी टेलरिंग का कार्य करने वाले विजय कुमार को बनाया था निशाना

### पुलिस ने मारपीट कर नकदी छीनने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने कोटिया निवासी टेलरिंग का कार्य करने वाले एक व्यक्ति से मारपीट कर तीन हजार रूप्ये की नकदी छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान अंकित वासी निमली, जिला चरखी दादरी और सुनील वासी नौगांव थाना साल्हावास, जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। जिनसे ओर भी गुत्थी सुलझने की संभावना है। पुलिस द्वारा आरोपितों से सख्ती से पूछताछ कर रही है। इस बारे में शिकायतकर्ता विजय कुमार वासी कोटिया ने थाना शहर कनीना में शिकायत दर्ज कराते हुए दो बाइक सवार युवकों पर कोसली रोड की ओर खाली कोठडे में ले जाकर मारपीट करने ओर तीन



हजार रूप्ये की नकदी छीनने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। एसपी पूजा वशिष्ठ के दिशानिर्देशन में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।

# नगरपालिका चुनाव का प्रचार पंहुचा चरमसीमा पर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरपालिका चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम सीमा पर पंहुच गया है। चेयरपर्सन पद की महिला प्रत्याशी डोर-टू-डोर जोकर मतदाताओं से संपर्क साध रही हैं। ईधर चुनाव को लेकर कल शनिवार को पोलिंग पार्टियां राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में बनाए गए स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीने लेकर रवाना होगीं। शुक्रवार को सांय 5 बजे बाद लाउड स्पीकर बंद हो जाएगें। नपा चेयरमैन पद के लिए 7 तथा वार्ड पार्षद के लिए 41 सहित कुल 48 उम्मीद्वारों का भाग्य दो मार्च को इवीएम में बंद होगा। जो होली त्योंहार की पूर्व संध्या पर 12 मार्च को खुलेगा। इस बार हो रहे नपा आम चुनाव में चेयरमैन पद के लिए सीधा चुनाव हो रहा है। जिसे लेकर मैदान में डटी 7 महिलाएं दिनरात एक कर मतदाताओं से संपर्क साध रही हैं। पांच वार्डों वार्ड नम्बर एक, दो, आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें सीधा मुकाबला रहने की संभावना है। नपा कनीना के 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेगें। चुनाव अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को पोलिंग पार्टियों की रिहर्सल कराई गई। एक मार्च को पोलिंग पार्टियों को यहीं से ईवीएम जारी की जाएगीं तथा चुनाव के बाद यहीं पर रखी जाएगीं। 12 मार्च को सुरक्षा के बीच मतगणना की जाएगी। शांतिपूर्वक चुनाव के लिए सभी बंदोबस्त पूरे कर लिए गए हैं। इस मौके पर एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, चुनाव कानूनगो पूनम, विक्रम सिंह उपस्थित थे।

# एसडीएम संजीव कुमार ने किया राजकीय माध्यमिक विद्यालय सैनीपुरा का औचक निरीक्षण

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीम तावडू संजीव कुमार ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सैनीपुरा तावडू (कोड नं0 806) का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया और शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्कूल मे प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर कुल 09 शैक्षणिक व 01 गैर-शैक्षणिक स्टाफ है। जिसमे एक अध्यापिका बिना किसी लिखित पूर्व सूचना के गैर हाजिर मिली। एसडीएम संजीव कुमार ने निर्देश दिये गये कोई भी कर्मचारी बिना किसी लिखित अवकाश लिये बिना छुट्टी ना करे। उन्होंने विद्यालय कार्यालय के भ्रमण रजिस्टर का निरीक्षण भी किया और स्कूल स्टाफ को हिदायत दी कि रजिस्टर का अनुरक्षण करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने स्कूल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छता और सुरक्षा को और बेहतर बनाएं।

# आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता : एसडीएम




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला प्रशासन की तरफ से प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा हैं। वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में एसडीएम अश्वनी कुमार ने लोगों की शिकायतों को सुना व अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 2 शिकायतों पर सुनवाई की गई।

एसडीएम अश्वनी कुमार ने बताया कि जिलावासियों की समस्याओं के समाधान में जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान होने से उनमें सरकार व जिला प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। वे सरकार की इस मुहिम से बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं।

एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। एसडीएम द्वारा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पेयजल, स्वामित्व रजिस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनी गईं। समाधान शिविरों में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है।

# आबकारी व कराधान विभाग ने अधिसूचित की जीएसटी एमनेस्टी योजना

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उप आबकारी एवम कराधान आयुक्त आर के चौधरी ने बताया कि आबकारी एवम कराधान विभाग की जी एस टी एमनेस्टी योजना भारत सरकार द्वारा घोषित व हरियाणा सरकार द्वारा आबकारी व कराधान विभाग की ओर से जीएसटी एमनेस्टी योजना अधिसूचित की गई है। इस योजना के अंतर्गत उन सभी पात्र कर दाताओ को जुर्माना व ब्याज में छूट प्रदान की गई है, जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-2019 और 2019-2020 के लिए हरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया कर की देनदारी है। इस योजना के अंतर्गत उन सभी करदाताओ को ब्याज व जुर्माने की राशि माफ़ की जाएगी जो करदाता अपना कर 31 मार्च 2025 तक जमा कर देंगे । सभी करदाता हरियाणा सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये करदाताओ को योजना के अंतर्गत आवेदन करने में यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो उनकी सहायता के लिए उप आबकारी व कराधान आयुक्त, नूंह के कार्यालय में जीएसटी सुविधा केन्द्र स्थापित है। करदाता जीएसटी सुविधा केन्द्र में आकर सहायता ले सकता है । जीएसटी सुविधा केन्द्र में एमनेस्टी योजना की जानकारी के साथ-साथ करदाता अपने आवेदन भी करा सकते हैं। सभी करदाताओ से अपील की जाती है इस लाभकारी योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभउठाये।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में नए शासकों ने लंबे समय बाद शुरू किया राष्ट्रीय संवाद

**डमस्कस, एजेंसी।** सीरिया के नए शासकों ने मंगलवार को राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन और करीब 14 साल की गृहयुद्ध के बाद देश में लंबे समय से प्रतीक्षित राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया। दमिश्क के राष्ट्रपति महल में आयोजित इस बैठक में सीरिया के विभिन्न हिस्सों से करीब 600 लोगों को आमंत्रित किया गया। इस सभा की मेज़बानी नए शासकों ने की, जो इस्लामिक समूह हयात तहरीर अल-शाम द्वारा नेतृत्व किए गए थे। इस समूह ने दिसंबर में असद को सत्ता से बाहर करने के लिए आक्रमण की अगुवाई की थी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को उत्तरी मध्य अफ्रीकी गणराज्य के नज़ोरोह गांव में हुए हमले में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक घर जलकर खाक हो गए। आत्मरक्षा मिलिशिया 3क्रके विद्रोहियों ने कहा कि यह हमला बैलों की चोरी के विवाद के कारण किया गया। 3क्रके एक नेता हबीब याकूब ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हाशिए पर पड़े चरवाहों की सुरक्षा करना है। लेकिन नज़ोरोह के मेयर बर्टेंड औडिन डिमांचे ने बताया कि उन्हें हमले का कारण नहीं पता चला। उन्होंने कहा कि 3क्रके विद्रोहियों को मानव जीवन का कोई सम्मान नहीं है और वे राजनीतिक कारणों से हत्या करते हैं। केंद्र सरकार ने इस हमले को लेकर चिंता जताई है और प्रतिक्रिया में एक बयान जारी करने का वादा किया है। इस हमले के बाद कई लोग पास के गांवों में भाग गए, जबकि कुछ लोग बड़े शहरों में शरण लेने गए हैं। मध्य अफ्रीकी गणराज्य 2013 से गृहयुद्ध की चपेट में है, और 2019 में शांति समझौते के बावजूद हिंसा कम नहीं हुई है।

### शिकागो में टला बड़ा हादसा, विमान की लैंडिंग के दौरान रनवे पर आया दूसरा प्लेन

**शिकागो, एजेंसी।** शिकागो के मिडवे एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश कर रहे साउथवेस्ट एयरलाइंस के विमान को अचानक उड़ान भरनी पड़ी, जब रनवे पर एक दूसरा विमान आ गया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एयरपोर्ट वेबकैम वीडियो में दिखाया गया है कि साउथवेस्ट विमान मंगलवार को सुबह 8.50 बजे सीएसटी पर उतर ही रहा होता है कि, जमीन छूने के बाद उड़ान भरने लगता है। क्योंकि दूसरा विमान रनवे पर दिखाई देता है। वहीं इसके बाद के घटना की जानकारी साझा करते हुए साउथवेस्ट एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक कहा कि साउथवेस्ट फ्लाइट 2504 सुरक्षित रूप से उतरी, चालक दल ने रनवे में प्रवेश करने वाले दूसरे विमान के साथ संभावित टकराव से बचने के लिए एहतियाती तौर पर चक्कर लगाया। चालक दल ने सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया और विमान बिना किसी घटना के उतरा। इस घटना के दौरान फ्लाइट क्रू और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच बातचीत में यह सुनाई दिया कि कंट्रोलर ने पायलट से कहा, साउथवेस्ट 2504, गो-अराउंड और फ्लाइट को 3,000 फीट तक चढ़ने के निर्देश दिए गए। वहीं दूसरे विमान को बिना अनुमति के रनवे पर घुसने के लिए दोषी ठहराया गया है और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन इस मामले की जांच कर रहा है। वहीं इस विमान के मालिक, फ्लेक्सजेट, ने इस घटना के बारे में जानकारी दी और कहा कि वे उच्चतम सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं और इस मामले की जांच कर रहे हैं। दूसरे विमान के गलत तरीके से रनवे पर घुसने की वजह से यह घटना घटी।

### इंडोनेशिया में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के भूगर्भीय सर्वे विभाग ने कहा है कि इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों की तीव्रता 6.1 रही। भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। भूकंप में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। साथ ही सुनामी का भी कोई अलर्ट जारी नहीं हुआ है। इससे पहले साल 2021 में भी सुलावेसी प्रांत में 6.2 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था। उस भूकंप में 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए थे।

### सूडान में बड़ा विमान हादसा, 10 की मौत

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में सैन्य विमान हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत की खबर है। मंगलवार को यह हादसा सूडान की राजधानी खार्तूम में हुआ, जिसमें कई सैन्य अधिकारी और नागरिक शामिल हैं। आधइकारिक बयान में कहा गया है कि विमान ने एयरबेस से उड़ान भरने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में सेना के कई जवान और आम नागरिक घायल भी हुए हैं। हादसे की वजह विमान में तकनीकी खराबी बताई जा रही है।

### पुलिस पर कार्रवाई जारी रही तो शांति कभी नहीं : जमां

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में सरकार और सेना के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। सरकार ने जहां 2018 के संसदीय चुनाव में पक्षपात बरतने के आरोप में 82 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के पर कतर कर उन्हें ओएसडी बना दिया वहीं सेना प्रमुख वकार उज जमां ने ऐसे कदमों की आलोचना की है। जमां ने कहा, सुरक्षा बलों के खिलाफ चल रही कार्रवाई ऐसे ही जारी रही तो शांति व्यवस्था कभी स्थापित नहीं हो पाएगी। जनरल जमां ने 2009 में बांग्लादेश राइफल्स के नरसंहार की याद में आयोजित कार्यक्रम में कहा, देश को स्थिर व एकजुट रखने में पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश व अन्य सुरक्षा बलों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है।

# हाउस जीओपी ने ट्रंप की योजना के लिए बड़ा बजट किया पास

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से हाउस रिपब्लिकन ने मंगलवार को 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स कट और 2 ट्रिलियन डॉलर की सरकारी खर्च में कटौती वाले जीओपी बजट को पास कर दिया है। हालांकि कुछ डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया और कुछ रिपब्लिकन भी इसे लेकर असमंजस की स्थिति में थे।



**217-215 वोटों से पास हुआ बजट :** हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को जीओपी बहुमत के साथ इसे पास कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वोटिंग बेहद नजदीकी रही - 217 पक्ष में और 215 विपक्ष में। सभी डेमोक्रेट्स ने इसका विरोध किया। इस प्रस्ताव के तहत ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में दिए गए टैक्स कट को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जबकि सरकार के कई विभागों और सामाजिक योजनाओं में भारी कटौती की जाएगी। हालांकि, यह अभी सिर्फ पहला कदम है। सीनेट को अब इस पर काम करना होगा और अंतिम रूप देने में कई हफ्ते लग सकते हैं।

**कटौती से जनता नाराज :** टैक्स छूट के बदले स्वास्थ्य सेवाओं, खाद्य सहायता (फूड स्टैम्प), और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं में कटौती की जा रही है, जिससे लोगों में गुस्सा है। डेमोक्रेट नेता हकीम जेफ्रीज ने इसे अमेरिका के लिए धोखा बताया। हालांकि जीओपी नेताओं ने कहा कि मेडीकेड (स्वास्थ्य सेवा) पर सीधा असर नहीं होगा, फिर भी कई सांसद चिंतित हैं। न्यूयॉर्क से रिपब्लिकन सांसद माइक लॉरलर ने कहा कि ट्रंप ने वादा किया है कि मेडीकेड में कटौती नहीं होगी।

**बजट घाटा बढ़ने की चिंता :** रिपब्लिकन के ही कुछ सांसद चिंतित हैं कि यह बजट देश के 36 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज को और बढ़ा देगा। वहीं टैक्स कट की लागत 4.5 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि सरकारी खर्च में केवल 2 ट्रिलियन डॉलर की कटौती हो रही है।

**सीनेट की अलग योजना :** वहीं, सीनेट रिपब्लिकन ने अपना 340 बिलियन डॉलर का एक अलग प्रस्ताव रखा है, जो ट्रंप के प्रवासन और बॉर्डर सुरक्षा एजेंडे को प्राथमिकता देता है। आने वाले हफ्तों में इस बजट पर और बहस होगी और अंतिम फैसला तभी होगा जब दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) की योजनाओं को मिलाकर एक अंतिम विधेयक तैयार किया जाएगा।

**आर्थिक व्यवहार्यता पर ही भारत-श्रीलंका तेल पाइपलाइन संभव : कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका की राष्ट्रीय तेल कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) प्रमुख ने कहा कि भारत व श्रीलंका के बीच प्रस्तावित बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन तभी आगे बढ़ेगी, जब यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य होगी। सीपीसी चेयरमैन डब्लू ए राजकरुणा ने डेली मिरर अखबार को बताया कि परियोजना की व्यवहार्यता का आकलन किया जा रहा है। हम केवल राजनीतिक कारणों से इस पर निर्णय नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति दिसानायके के साथ इस बारे में बातचीत में भाग लिया था।

**पोप ने संत उपाधि के उम्मीदवारों पर विदेश मंत्री के साथ की चर्चा : वेटिकन सिटी, एजेंसी।** वेटिकन ने मंगलवार को कहा कि पोप फ्रांसिस इतने स्वस्थ हैं कि उन्होंने संभावित संत पद के उम्मीदवारों से जुड़े नए आदेशों को मंजूरी देने के लिए वेटिकन के विदेश मंत्री और उनके सहायक से अस्पताल में मुलाकात की। मंगलवार को 'होली सी' के दोपहर के बुलेटिन में प्रकाशित आदेशों से संकेत मिलता है कि पोप के अस्पताल में गंभीर हालत में होने के बावजूद वेटिकन का तंत्र काम कर रहा है। उधर, पोप की सेहत में सुधार को लेकर वेटिकन सिटी में हजारों लोगों ने प्रार्थना की।

**चीन ने दो तिब्बती अफसरों को हटाया : बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने युन्नान प्रांत से तिब्बत के दो वरिष्ठ अधिकारियों को निष्कासित कर दिया है। इनमें देचेन के पूर्व गवर्नर क्यूई जियानक्सिन व तिब्बती स्वयत्त प्रांत के पूर्व उप-गवर्नर जंगचुप शामिल हैं। दोनों अधिकारी जातीय रूप से तिब्बती हैं। तिब्बत के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान (आईसीटी) के अनुसार चीन ने तिब्बत पर नियंत्रण मजबूत करने के लिए दोनों अफसरों को हटाया है।

## दो साल बाद बगदाद लौटे पूर्व इराकी पीएम मुस्तफा

**बगदाद, एजेंसी।** कानून के शासन को बढ़ावा देने के लिए जाने जाने वाले पूर्व इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-काधिमी मंगलवार को दो साल से अधिक समय बाद बगदाद लौटे। यह उनकी पहली यात्रा है, जबकि इराक में सुरक्षा खतरे अभी भी बने हुए हैं। बता दें कि 2021 में, अल-काधिमी पर एक हत्या का प्रयास हुआ था, जब बगदाद के ग्रीन जोन इलाके में उनके आवास को दो सशस्त्र ड्रोन ने निशाना बनाया था। यह हमला उस समय हुआ था जब इरान समर्थित मिलिशियाओं ने संसदीय चुनाव परिणामों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, जिससे तनाव बढ़ गया था। अल-काधिमी 2022 में प्रधानमंत्री पद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इराक छोड़कर लंदन और संयुक्त अरब अमीरात में रहने लगे थे। अपने लौटने पर पूर्व प्रधानमंत्री ने तुरंत कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ सुरक्षा खतरे अभी भी मौजूद हैं। अधिकारियों का कहना है कि वह वर्तमान इराकी राजनीतिक नेताओं के निमंत्रण पर लौटे हैं, जो उम्मीद करते हैं कि वह अपनी कनेक्शनों का इस्तेमाल कर देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का सामना करने में मदद कर सकते हैं, जो देश की स्थिरता के लिए खतरा बनी हुई है।

## उत्तरी कैरोलिना में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**कैरोलिना, एजेंसी।** उत्तरी कैरोलिना हवाईअड्डे के पास जंगली इलाके में एक मेडिकल हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद उसमें सवार तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नोवांट हेल्थ ने एक बयान में कहा कि उसकी टीम के तीन सदस्य एयरलिंक हेलीकॉप्टर पर थे। दुर्घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। बयान में यह भी कहा गया है कि हेलीकॉप्टर में कोई भी मरीज नहीं था। इस हादसे को लेकर संघीय उड्डयन प्रशासन ने भी बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि यूरोकॉप्टर ईसी-135 हेलीकॉप्टर शाम करीब 7:50 बजे विलमिंगटन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे के बाद प्रारंभिक रिपोर्ट में उड़ान चालक दल के एक सदस्य की चोटों को गंभीर बताया गया था, लेकिन विमान में सवार अन्य दो सदस्यों की चोट गंभीर नहीं थी।

## बिजली गुल होने से अंधेरे में डूबा दक्षिण अमेरिकी देश चिली, सरकार ने लगाया आपातकाल

**सैंटियागो , एजेंसी।** चिली में मंगलवार को अचानक बिजली गुल होने से पूरा जनजीवन थम गया और देश का अधिकांश हिस्सा अंधेरे में डूब गया। इसके चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और इंटरनेट सेवा भी ठप हो गई। इंटरनेट बंद होने से व्यवसाय और दैनिक जीवन भी थम गया। अधिकारी बिजली बहाल करने की कोशिशों में जुटे हैं। हालात को देखते हुए चिली की सरकार ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और रात में अनिवार्य रूप से कर्फ्यू लागू कर दिया है। बिजली गुल होने के बाद दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक देश ने खनन कार्य भी बंद हो गया है। कई इलाकों में लोगों ने पानी की कमी की शिकायत की है क्योंकि बिजली से चलने वाले पंप नहीं चल पा रहे हैं। हालांकि आपातकालीन जनरेटर्स की मदद ने अस्पतालों और सरकारी कार्यालयों को चालू रखने की कोशिश की जा रही है। चिली सरकार की आंतरिक मामलों की मंत्री कैरोलिना तोहा ने चेताया है कि हालात और खराब हो सकते हैं क्योंकि अभी तक बिजली गुल होने का कारण पता नहीं चल सका है। हालात इस कदर खराब हैं कि अंधेरे में डूबे इलाकों में लोगों की सुरक्षा के लिए चिली की सरकार ने सेना उतार दी है। साथ ही सुरक्षाबल के जवान ही अंधेरी सड़कों पर ट्रैफिक का प्रबंधन कर रहे हैं।

# ट्रम्प को चेतावनी- रूस से जल्दबाजी में समझौता न करें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युल मैक्रों ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है कि यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस से जल्दबाजी में समझौता न करें। मैक्रों ट्रम्प से मिलने अमेरिका पहुंचे थे, मुलाकात के बाद उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में इस बारे में बात की। मैक्रों ने बताया कि कुछ ही हफ्ते में रूस और यूक्रेन में युद्धविराम समझौता होने की पूरी संभावना है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि के तौर पर ट्रम्प से मिले थे, क्योंकि यूरोप के करीब सभी देश अपनी सुरक्षा को लेकर एक जैसी चिंता रखते हैं। मैक्रों ने कहा- हमने 2014 में रूस के साथ शांति समझौता किया था। मैं आपको व्यक्तिगत अनुभव से बता सकता हूं, क्योंकि मैं उस शांति समझौते पर नजर रखने वाले दो सदस्यों में से एक था। रूस ने हर बार समझौते का उल्लंघन किया और हमने एकजुट होकर जवाब नहीं दिया। इसलिए मुद्दा भरोसे का है। सबसे पहले रूस और अमेरिका में बातचीत होना चाहिए मैक्रों ने कहा मेरे हिसाब से युद्धविराम समझौते का क्रम इस तरह से होना चाहिए कि सबसे पहले अमेरिका और रूस के बीच बातचीत होनी चाहिए और फिर अमेरिका और यूक्रेन के बीच। राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार घोषणा की है कि वो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए तैयार हैं, यह बहुत जरूरी बात है। उन्होंने कहा- आने वाले हफ्तों में युद्धविराम हो सकता है। रूस को इसका सम्मान करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो यह साफ हो जाएगा कि पुतिन शांति समझौते और यूक्रेन की संप्रभुता के बारे में गंभीर नहीं है।



**यूक्रेन को अकेला छोड़ा तो उस पर हमले का खतरा :** राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- जब युद्धविराम लागू होगा तब हम यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी और रूस के कब्जे से यूक्रेनी जमीन वापस लेने के मुद्दे पर बात करेंगे। यह यूक्रेन के राष्ट्रपति की जिम्मेदारी होगी कि वो अपने देश के हितों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन में यूक्रेनी खनिज को लेकर कोई समझौता होता है तो इससे फ्रांस और बाकी यूरोप को कोई दिक्कत नहीं है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि यूक्रेन के नाटो में शामिल करने को लेकर कोई आम सहमति नहीं है, लेकिन अगर हम (यूरोपीय नाटो सदस्य) यूक्रेन को अकेला छोड़ देते हैं, जैसा कि हमने पहले भी किया था तो रूस की तरफ से एक और हमले का खतरा है। यूक्रेन में फ्रांस और ब्रिटेन की संयुक्त सेना भेजने का प्रस्ताव मैक्रों ने कहा कि हमें यह देखना होगा कि शांति समझौते पर आगे बढ़ने के लिए किस तरह की सुरक्षा गारंटी की जरूरत है। एक ऑप्शन यह हो सकता है यूक्रेन की सैन्य क्षमता को मजबूत किया जाए ताकि वो रूसी मोर्चे पर एक मजबूत सेना बनाए रख सके। दूसरा तरीका यह हो सकता है कि फ्रांस और ब्रिटेन मिलकर एक प्रस्ताव पर काम करें कि वो यूक्रेन में ज्वाइंट सेना भेजेंगे। यह सेना उस इलाके में तैनात की जाएगी जहां रूस और यूक्रेन में सहमति होगी। इसका मकसद सिर्फ यह होगा की रूस की विश्वसनीयता पर नजर रखी जा सके। यह सब अमेरिका की सहमति के साथ होगा।

# कांगो संकट को लेकर सवालों के घेरे में रवांडा, ब्रिटेन का किगाली के खिलाफ बड़ा कदम

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने मंगलवार को कहा कि वह रवांडा को दी जाने वाली कुछ द्विपक्षीय सहायता रोक देगा और पड़ोसी कांगो के संकट में किगाली की भूमिका के कारण उस पर अन्य राजनयिक प्रतिबंध लगाएगा। रवांडा पर इस समय वैश्विक दबाव है। उस पर आरोप है कि वह एम23 समूह का समर्थन करता है, जिसने जनवरी से ही गोमा और बुकावु शहरों सहित पूर्वी कांगो के बड़े हिस्से और बहुमूल्य खनिज भंडारों पर कब्जा कर लिया है। किगाली ने इस एम23 समूह को समर्थन देने से इनकार किया है, लेकिन कहा कि उसके अपने सैनिक कांगो स्थित शत्रुतापूर्ण समूहों के खिलाफ आत्मरक्षा में कार्रवाई कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जब तक शत्रुता समाप्त करने में महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हो जाती और कांगो क्षेत्र से सभी रवांडा रक्षा बलों की वापसी नहीं हो जाती, तब तक ब्रिटेन कार्रवाई करता रहेगा। ब्रिटेन कार्रवाई के तहत - रवांडा सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उच्च स्तरीय उपस्थिति को समाप्त करना, रवांडा के साथ



व्यापार संवर्धन गतिविधि को सीमित करना; रवांडा सरकार को प्रत्यक्ष द्विपक्षीय वित्तीय सहायता को रोकना, सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की मदद को छोड़कर। बयान में कहा गया कि ब्रिटेन संभावित नए प्रतिबंधों पर साझेदारों के साथ समन्वय करेगा, रवांडा को भविष्य में दी जाने वाली रक्षा प्रशिक्षण सहायता को निलंबित करेगा और रवांडा रक्षा बल के लिए निर्यात लाइसेंस की समीक्षा करेगा। ब्रिटेन सरकार के प्रवक्ता ने कहा, रवांडा की सुरक्षा संबंधी चिंताएं हो सकती हैं, लेकिन इनका सैन्य तरीके से समाधान करना अस्वीकार्य है। इस संघर्ष का केवल राजनीतिक समाधान ही हो सकता है। प्रवक्ता ने कहा, हम डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) को समावेशी वार्ता के हिस्से के रूप में एम23 के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम अपनी नीति की समीक्षा करते रहेंगे।

## निवेशकों के लिए डोनाल्ड ट्रंप की नई गोल्ड कार्ड योजना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को निवेशकों के लिए एक नई योजना की घोषणा की। उन्होंने निवेशकों के लिए गोल्ड कार्ड निवास परमिट बेचने की अपनी योजना की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने निवेशकों के लिए 35 साल पुराने वीजा की जगह 5 मिलियन (50 लाख) अमेरिकी डॉलर का गोल्ड कार्ड शुरू करने की योजना बनाई है, जिसे पाने वाला व्यक्ति अमेरिकी नागरिकता पाने का पात्र होगा। ओवल ऑफिस (अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय) में ट्रंप ने कहा, अमीर और सफल लोग ये वीजा ले सकते हैं। वे काफी पैसा निवेश करेंगे, काफी कर का भुगतान करेंगे, काफी लोगों को नौकरी देंगे और मुझे लगता है कि यह (योजना) बहुत ही सफल होने वाली है। वाणिज्य मंत्री होवार्ड ल्युटनिक ने कहा कि दो सप्ताह में ईबी-5 वीजा की जगह ट्रंप गोल्ड कार्ड ले लेगा। संसद ने 1990 में विदेशी निवेश को ध्यान में रखते हुए ईबी-5 वीजा पेश की थी और यह 10 लाख अमेरिकी डॉलर का निवेश करने वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है। ईबी-5 वीज़ा वर्तमान में स्थायी अमेरिकी निवास के लिए सबसे स्पष्ट मार्गों में से एक है, जो किसी विदेशी को अमेरिकी कंपनियों में निवेश करके ग्रीन कार्ड प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अमेरिकी जन्मसिद्ध नागरिकता नीति को समाप्त करने के महीनों बाद, ईबी-5 वीज़ा कार्यक्रम बड़ी संख्या में भारतीयों, विशेष रूप से ॥-1क्र वीज़ा धारकों के लिए एक अनुकूल विकल्प के रूप में उभरा। आव्रजन से



संबंधित गृह मंत्रालय के वार्षिक आंकड़ों के अनुसार 30 सितंबर 2022 तक 12 महीने के दौरान लगभग 8,000 लोगों ने निवेशक वीजा लिया था। संसद की शोध सेवा ने 2021 में कहा था कि ईबी-5 वीजा में धोखाधड़ी का खतरा बना रहता है।

परामर्श कंपनी 'हेनली एंड पार्टनर्स' के अनुसार दुनियाभर में निवेशक वीजा आम हैं। कंपनी के अनुसार अमेरिका, ब्रिटेन, स्पेन, ग्रीस, माल्टा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और इटली समेत दुनियाभर के 100 से अधिक देश अमीर लोगों को गोल्डन वीजा देते हैं। ट्रंप ने कहा, यह (गोल्ड कार्ड) एक ग्रीन कार्ड की तरह होगा, लेकिन किसी भी तरह के गडबड़झाले से मुक्त होगा। यह लोगों, खासकर अमीर और प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए अमेरिकी नागरिकता लेने का रास्ता बनाएगा। नागरिकता के लिए योग्यता कांग्रेस निर्धारित करती है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि गोल्ड कार्ड के लिए कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

# चीनी जासूसी गुब्बारे मामले में पूर्व स्पीकर-अधिकारियों को धमकाना पड़ा भारी, शख्स को अब काटनी पड़ेगी सजा

**बिलिंग्स, एजेंसी।** अमेरिका के मोंटाना राज्य के बिलिंग्स के रहने वाले एक व्यक्ति को पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी को धमकी देने के मामले में सजा मिल सकती है। बता दें कि, यह व्यक्ति चीन के जासूसी गुब्बारे को न गिराने से इतना नाराज हो गया था कि उसने सरकारी अधिकारियों को फोन कर धमकियां दीं।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के मुताबिक, 45 वर्षीय रिचर्ड रॉजर्स ने 3 फरवरी 2023 को 75 मिनट के अंदर पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी के कार्यालय में 100 से अधिक फोन कॉल किए। यह घटना तब हुई जब पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) ने स्वीकार किया कि वह चीन के जासूसी गुब्बारे पर नजर रख रहा है। यह गुब्बारा बाद में अटलांटिक महासागर में गिराया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रिचर्ड रॉजर्स ने एफबीआई और मैक्कार्थी के कार्यालय को किए गए कॉल में भद्दी और अश्लील बातें कही थीं। अदालत में उसने सफाई दी कि यह उसका नागरिक अवज्ञा (सिविल डिसओबीडिएंस) का तरीका था और वह सिर्फ अपनी बात रखना चाहता था।

**सजा क्या हो सकती है :** अदालत ने रिचर्ड रॉजर्स को कांग्रेस सदस्य को धमकी देने और सरकारी एजेंसियों को परेशान करने का दोषी पाया। इस अपराध के लिए अधिकतम 6 साल की जेल और 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) का जुर्माना हो सकता है। हालांकि, रॉजर्स का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए उसे कम सजा मिल सकती है।

**अभियोजन और बचाव पक्ष ने क्या दी दलीलें :** इस मामले में सरकारी वकीलों ने



अदालत से कहा कि यह मामला एक कड़ा संदेश देने का मौका है कि सरकारी अधिकारियों को धमकी देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत नहीं आता। उन्होंने रिचर्ड रॉजर्स को 2 साल जेल की सजा देने की मांग की। वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने अनुरोध किया कि रिचर्ड रॉजर्स को जेल न भेजा जाए और उसे सिर्फ निगरानी में रखा जाए।

**अमेरिका में बढ़ रहे धमकी के मामले :** हाल के वर्षों में अमेरिका में नेताओं और सरकारी अधिकारियों को धमकी देने के मामले तेजी से बढ़े हैं। 2023 में अमेरिकी कैपिटल पुलिस ने ऐसे 8,000 से अधिक मामलों की जांच की। पिछले साल, मोंटाना के ही एक अन्य व्यक्ति को अमेरिकी सीनेटर जॉन टेस्टर और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिस इस मामले में 2.5 साल की जेल हुई थी।

# ओला इलेक्ट्रिक अपने बचे वाहनों की आपूर्ति देशभर के खुदरा बिक्री केंद्रों से करेगी

**नई दिल्ली ।**

ओला इलेक्ट्रिक ने भारत में अपने सभी क्षेत्रीय गोदाम बंद कर दिए हैं और अब वह बचे वाहनों, कल पुर्जों, सहायक उपकरण आदि की आपूर्ति देश भर में अपने 4,000 खुदरा बिक्री केंद्रों से करने पर विचार कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुतो बिक इस रणनीतिक कदम से कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) मुनाफे में करीब 10 प्रतिशत अंकों की वृद्धि होने के अलावा बचे वाहनों के कल पुर्जों के प्रबंधन में सुधार और ग्राहकों को तेजी से आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। ओला इलेक्ट्रिक अपने वितरण नेटवर्क को नया स्वरूप दे रही है। वह वाहन पंजीकरण प्रक्रिया को अनुकूल बना रही है, क्योंकि भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने त्वरित लाभप्रदता अभियान के तहत करीब 30 करोड़ रुपये मासिक बचत का लक्ष्य रखा है। आंतरिक सूत्रों ने संकेत दिया कि कंपनी इस महीने 25,000 से अधिक इकाइयां बेचने की राह पर है, जिससे ईवी दोपहिया वाहन खंड में उसकी अग्रणी स्थिति बरकरार रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ



अधिकारी ने नाम उजागर न करने शर्त पर कहा कि फ्रंट-एंड नेटवर्क का नया स्वरूप यह दर्शाता है कि हम बचे वाहनों, कल पुर्जों का प्रबंधन कैसे करते हैं और ग्राहकों को कैसी सेवा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रारंभिक वितरण मॉडल ने हमारे शुरुआती विकास चरण के दौरान अपना उद्देश्य पूरा किया है। अब कंपनी के तेजी से विस्तार ने फ्रंट-एंड को पुनः तैयार करना आवश्यक बना दिया है। सूत्रों ने कहा कि बचे वाहनों, कल पुर्जों की प्रक्रिया में लगने वाले समय को 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दिया गया है।

# सरकार सभी लोगों को पेंशन के दायरे में लाने की कर रही तैयारी

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार देश में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी कर रही है और इसके आने के बाद वे सभी लोग पेंशन के दायरे में आ जाएंगे, जो अब तक इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं. जी हां, नई यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने के पीछे की सरकार की मंशा असंगठित क्षेत्र में शामिल कंस्ट्रक्शन सेक्टर में काम करने वाले श्रमिक और गिग वर्कर्स को पेंशन के दायरे में लाना है। रिपोर्ट के मुताबिक इसके प्रपोजल डॉक्युमेंट को तैयार करने का काम भी शुरू किया जा चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो सरकार इसे लेकर गंभीरता से विचार कर रही है और लेबर मिनिस्ट्री की ओर से इसका प्रपोजल डॉक्युमेंट्स तैयार करने पर काम शुरू हो गया है। इस नई स्कीम में सरकार अलग-अलग तरह के कई योजनाओं को शामिल करते हुए एक यूनिवर्सल पेंशन स्कीम बना सकती है। सबसे बड़ी बात ये है कि यू निवर्सल पेंशन स्क्रीम लाने का सरकार का मकसद न केवल सभी वेतनभोगी कर्मचारी, बल्कि सेल्फ एंप्लॉयड को भी पेंशन के दायरे में लाना है। इसका प्रपोजल डॉक्युमेंट तैयार होने के बाद हितधारकों से इस पर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या यूनिवर्सल पेंशन स्कीम में सराकर का कंट्रिन्यूशन भी शामिल होगा, तो बता दें कि फिलहाल इसकी प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है और इससे जुड़ी ज्यादा डिटेल्स आने में समय लगेगा। रिपोर्ट्स के मुतबिक




यूपीएस एक स्वैच्छिक पेंशन स्कीम होगी और सरकार इसमें अपनी तरफ से कोई कंट्रिब्यूशन नहीं करेगी। मौजूदा समय में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ के तहत संचालित योजनाओं में कर्मचारी और नियोक्ता दोनों योगदान करते हैं।

# अल्ट्राटेक की केबल और वायर सेगमेंट में एंट्री से शेयरों में गिरावट

**- मोतीलाल ओसवाल ने घटाया टारगेट प्राइस**

**नई दिल्ली ।**

केबल और वायर सेक्टर में अल्ट्राटेक की एंट्री के बाद इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों पोलीकेब, केईआई, आरआर कबेल और हेवेल्स के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। मंगलवार को बाजार में इन कंपनियों के शेयर 13त्न तक लुढ़क गए। अल्ट्राटेक की इस नई रणनीति से केबल और वायर सेक्टर में प्रतिस्पर्धा और बढ़ सकती है, जिससे बाजार में और उथल-पुथल देखने को मिल सकती है।

ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने इस नई प्रतिस्पर्धा को केबल और वायर कंपनियों के लिए वैल्यू इरोजन (मूल्य ह्रास) का संकेत माना है। इस कारण उन्होंने केईआई और आरआर कबेल की रेटिंग बाय से घटाकर नेचुरल कर दी, जबकि पोलीकेब की रेटिंग बाय और हेवेल्स की नेचुरल पर बरकरार रखी।

**वैल्यूएशन में 20% तक की कटौती**

मोतीलाल ओसवाल ने अपनी कवरेज में शामिल पोलीकेब, केईआई और आरआर कबेल के वैल्यूएशन मल्टीपल में 20% की कटौती की है, जबकि हेवेल्स के लिए 10% की कमी की गई है। हेवेल्स को कम नुकसान होने का




कारण इसका विविध उत्पाद पोर्टफोलियो बताया गया।

**- अल्ट्राटेक की एंट्री क्यों है अहम?**

अल्ट्राटेक सीमेंट ने केबल और वायर सेक्टर में 1800 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। हालांकि, शुरुआत में यह बड़ा और बाधा उत्पन्न करने वाला निवेश नहीं लग सकता, लेकिन मोतीलाल ओसवाल के अनुसार, पेंट सेक्टर में आदित्य बिरला ग्रुप के कदम की तरह, यह सीएंड डब्लू कंपनियों के वैल्यूएशन पर असर डाल सकता है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि अल्ट्राटेक सीमेंट को भी हल्का नकारात्मक प्रभाव झेलना पड़ सकता है, क्योंकि निवेशक इसे मुख्य रूप से सीमेंट सेक्टर की कंपनी के रूप में देखते हैं। मोतीलाल ओसवाल के अनुसार, केबल और वायर कंपनियों की आय तब तक प्रभावित नहीं होगी जब तक कि अल्ट्रा टेक का प्लांट चालू नहीं होता, लेकिन कंपनियों के वैल्यूएशन पर असर पहले ही दिख सकता है।

# गंभीर एलर्जी के इलाज के लिए ग्लेनमार्क फार्मा ने लॉन्च किया नया इंजेक्शन

Glenmark
A new way for a new world

**नई दिल्ली ।**

दवा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने गंभीर एलर्जी (एनाफिलैक्सिस) के आपातकालीन इलाज के लिए एक नया इंजेक्शन अमेरिका में लॉन्च किया है। यह एपिनेफ्रीन इंजेक्शन यूएसपी, 10एमजी/10एमएल (1 एमजी/एमएल) मल्टीपल-डोज वायल के नाम से बाजार में उपलब्ध होगा।

यह इंजेक्शन मधुमक्खी या किसी अन्य कीड़े के काटने, कुछ दवाओं, भोजन या अन्य एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों से होने वाली गंभीर एलर्जी का तुरंत इलाज करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मायो क्लिनिक के अनुसार, यह उन मामलों में भी प्रभावी है, जहां एलर्जी का कारण अज्ञात होता है या यह व्यायाम से ट्रिगर हो जाती है।

ग्लेनमार्क का दावा है कि उसका यह इंजेक्शन बीपीएल लैब्स, एलएलसी के एपिनेफ्रीन इंजेक्शन के समान प्रभावी और सुरक्षित है। इसका मतलब है कि यह अमेरिकी दवा नियामक मानकों के अनुरूप है। ग्लेनमार्क फार्मा के इस नए इंजेक्शन से गंभीर एलर्जी से जूझ रहे मरीजों को सस्ता और प्रभावी इलाज मिल सकेगा। साथ ही, यह लॉन्च कंपनी की अमेरिका में उपस्थिति को और मजबूत करने में मदद करेगा। ग्लेनमार्क को एफडीए के नियमों के तहत 180 दिनों की विशेष छूट (सीजीटी एक्सक्लूसिविटी) मिली है, जिससे यह दवा कुछ समय तक बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धी दवाओं से अलग स्थान बनाए रखेगी। दवा बाजार के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 तक इस इंजेक्शन की सालाना बिक्री लगभग 42.7 मिलियन डॉलर (354 करोड़ रुपये) रही।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत को आत्मनिर्भरता की सलाह दी

**गोयल ने कहा, भारत का भविष्य वैश्विक व्यापार में अधिक भागीदारी पर निर्भर करता है**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उद्योग जगत को आत्मनिर्भर बनने और सरकार पर निर्भरता कम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों को सब्सिडी, उच्च आयात शुल्क और संरक्षणवादी नीतियों की बजाय अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भरता के महत्व को जोर दिया और कहा कि हमें सरकार से समर्थन की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने गुणवत्ता मानकों को अपनाने और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने उद्योग जगत से नवाचार, उत्पादन क्षमताओं और गुणवत्ता सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी। गोयल ने कहा कि भारत का भविष्य वैश्विक व्यापार में अधिक भागीदारी पर निर्भर करता है। वे मानते हैं कि मेक इन इंडिया की तरह की पहलें देश की मानसिकता को बदल सकती हैं और भारत को वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका दे सकती हैं। गोयल ने कहा कि भारत अपनी रणनीति को मजबूत करने के लिए अन्य देशों के साथ बातचीत जारी रख रहा है और उत्पादन क्षमताओं और गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही, गोयल ने माना कि तेल, रक्षा और खाद्य क्षेत्र में कुछ हद तक आयात पर निर्भरता बनी रह सकती है, लेकिन उन्होंने उद्योग जगत से आत्मनिर्भरता में बढ़ने की महत्वपूर्णता बताई। गोयल ने यह संदेश दिया कि भारत को आत्मनिर्भर बनकर ही वैश्विक प्लेयर के रूप में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने में सफलता मिलेगी।

## इंफोसिस से बर्खास्त कर्मचारियों ने लगाया धांधली का आरोप




**बेंगलुरु ।** राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी कर्मचारी सीनेट (एनआईटीईएस) ने कथित सामूहिक बर्खास्तगी के लिए इंफोसिस पर मूल्यांकन में हेराफेरी करने और श्रम कानूनों को दरकिनार करने के लिए खामियों का फायदा उठाने का आरोप लगाया है। एनआईटीईएस के एक प्रमुख अधिकारी ने बर्खास्तगी को अमानवीय और अचानक बताते हुए सरकार से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। हाल ही में आयोजित एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई प्रभावित कर्मचारियों ने दावा किया कि इंफोसिस ने सामूहिक विफलताओं को अंजाम देने और बर्खास्तगी को सही ठहराने के लिए जानबूझकर अपनी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया को सख्त बनाया। एक प्रभावित प्रशिक्षु-कर्मचारी ने कहा कि 2022 में, जावा और एसक्यूएल परीक्षण अपेक्षाकृत सरल थे। लेकिन अक्टूबर 2024 में हमारे शामिल होने के बाद, कठिनाई का स्तर अचानक बढ़ गया।

## भारत में तीन बैंक ही जमाकर्ताओं के लिए सुरक्षित

**एसबीआई, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई**

**नई दिल्ली ।** रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की सूची में भारत के तीन बैंक ग्राहकों के लिए सबसे ज्यादा सुरक्षित बैंक हैं। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने 13 नवंबर 2024 को डोमेस्टिक सिस्टमैटिकिली इंपॉर्टेंट बैंक का दर्जा दिया है। इस सूची में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक को रखा गया है। रिजर्व बैंक के मानकों के अनुसार यही तीन भारतीय बैंक ऐसे हैं। जो सभी सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हैं। इसमें एक सरकारी और दो निजी क्षेत्र के हैं। रिजर्व बैंक की सूची में शामिल यह तीन बैंक यदि डूबते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे गंभीर स्थिति होगी। ऐसा रिजर्व बैंक मानना है। रिजर्व बैंक का कहना है, सबसे सुरक्षित देश के यही तीन बैंक है। जहां जमाकर्ताओं का जमा राशि पूरी तरह से सुरक्षित है।

## बजाज ने महाकुंभ में संचालित किया सेवा केन्द्र

**नई दिल्ली ।** बजाज ने महाकुंभ में सेवा केन्द्र की स्थापना की जो 24 घंटे सात दिन चला, यात्रियों को विश्राम और आराम की कमी नहीं होने दिया। बजाज के प्रतिनिधि ने इस सुखद समाचार को साझा करते हुए कहा, हम गर्व से घोषणा करते हैं कि हमने परंपरागत संस्कृति के महत्वपूर्ण उत्सव महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया है। इस सुविधाजनक सेवा केंद्र ने पवित्र मौनी अमावस्या के दिन, थके हुए श्रद्धालुओं को मुफ्त गर्म पानी की थैलियां देने के माध्यम से उनके लिए एक आरामदायक वातावरण सुनिश्चित किया। इस उपहार से न सिर्फ उन्हें राहत मिली, बल्कि उन्हें कड़ाके की ठंड में जरूरी गर्माहट और आराम भी प्राप्त हुआ। इस पहल के माध्यम से बजाज ने श्रद्धालुओं का मान बढ़ाने में योगदान दिया और महाकुंभ मेला को लोगों के लिए आरामदायक और सुरक्षित बनाने के लिए नई मिसाल पेश की।

## विमान में सीट छोड़ने के लिए मिले 1.8 लाख रुपए!

**नई दिल्ली ।** एक विमान यात्री ने सोशल मीडिया पर एक एयरलाइन की ओर से एक अजीबोगरीब ऑफर के बारे में अपने अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें सीट छोड़ने के लिए लालच दिया गया तो उन्हें लगा कि वो किसी दोस्ताना महसूस कर रहे हैं। पैसेंजर ने मांग किया कि एयरलाइन ने उन्हें अपनी सीटें छोड़ने के लिए बहुत ऊंचे ऑफर दिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में बताया कि एक विमान से सिएटल से पाम स्प्रिंग्स जा रहे समय एक मशीनी समस्या के कारण उन्हें छोटे प्लेन में बदलना पड़ा। इसके बाद एयरलाइन ने यात्रियों से सीटें छोड़ने के लिए कहा। पहले तो 1000 डॉलर का ऑफर दिया गया, लेकिन जैसे-जैसे यात्री विमान में चढ़ने लगे, ऑफर बढ़ने लगे। एक व्यक्ति ने 2500 डालर तक देने की पेशकश की, और अंत में एक बुजुर्ग दंपत्ति ने 2800 डालर यानी 1 लाख 80 हजार रुपये तक की मांग की। जाते समय उन्होंने कहा कि वे यह पैसे अपनी कार का भुगतान करने के लिए करेंगे। डेल्टा के एक प्रवक्ता ने एक जानकारी जारी की कि इस घटना के बाद डेल्टा फ्लाइट में अधिकतम उड़ान लेने के लिए फ्लेक्सिबल ऑप्शन प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि डेल्टा की वेबसाइट पर एक नियम है जिसके अंतर्गत यात्री स्वेच्छा से अपनी सीटें छोड़ सकते हैं और उन्हें इसके बदले में कुछ मुआवजा भी मिल सकता है। यात्रियों ने कमेंट सेक्शन में अपने अनुभव और विचार साझा किए हैं।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने पुणे में 1,000 करोड़ की आवासीय संपत्तियां बेचीं




**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट डेवलपर गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मजबूत मांग के बीच पुणे में अपनी नई परियोजना में 1,000 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पुणे के हिंजेवाडी स्थित अपनी परियोजना गोदरेज एवरग्रीन स्क्वायर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां बेची हैं। गोदरेज ने इस परियोजना में कुल 12.3 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली 1,398 आवासीय संपत्तियां बेची हैं। इस परियोजना को नवंबर 2024 में पेश किया गया था। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि कंपनी को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।




## विश्व बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था में जताया भरोसा

**- निवेशकों को भारत में निवेश की सलाह दी**

**नई दिल्ली ।** विश्व बैंक के एक प्रमुख अधिकारी ने एडवांटेज असम 2.0 व्यापार सम्मेलन में भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जताया। उन्होंने निवेशकों को भारत में निवेश की सलाह दी और कहा कि भारत का भविष्य उज्जवल है। विश्व बैंक भारत की आर्थिक संभावनाओं को लेकर आशावादी है और निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर में मामूली गिरावट से भी विश्व बैंक को चिंता नहीं है। उन्होंने भारत के प्रति अपना उत्साह जताया और कहा कि भारत निवेश के लिए बेहतरीन जगह है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व बैंक का सकारात्मक नजरिया देश के निवेश संक्षेप के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक के अधिकारी ने भी इस बारे में अपील की कि भारत दुनिया में एक चमकता सितारा है और निवेशकों को भारत आने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही सरकार से भी निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की अपील की गई। यह भारत के विकास को रूझान देने में मदद कर सकता है और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकता है। इस बयान से स्पष्ट होता है कि विश्व बैंक को भारतीय अर्थव्यवस्था पर पूरा भरोसा है और निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए बढ़ावा देने की कटिबद्धता है। भारत की रफ्तार तेज हो सकती है और देश की विकास यातायात में गति मिल सकती है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार हुआ

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को सपाट बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से आज सुबह बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई पर कुछ समय बाद ही इसमें गिरावट आने लगी। इसके बाद उतार-चढ़ाव का दौर चला। इससे दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंकों की बढ़ोतरी के साथ ही 74,612.43 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 2.50 अंकों की गिरावट के साथ ही 22,545.05 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबारी सत्र में वित्तीय शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली, जबकि वाहन शेयरों में भारी गिरावट रही।

आज निफ्टी के जिन शेयरों में बढ़त रही उनमें श्री राम फाइनेंस कंपनी के शेयरों पहले नंबर पर रहे। यह करीब 6 फीसदी के उछाल के साथ 606.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ, जबकि बजाज फिनसर्व के शेयर 2.70 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1,926 के लेवल पर बंद हुए। इसके बाद, बजाज फाइनेंस ने 2.56 फीसदी का लाभ हासिल किया और ये 8,705 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि सन फार्मा के शेयर 2.11 फीसदी बढ़त के साथ 1,648 के लेवल पर बंद हुए। इसके अलावा, हिंडाल्को के




शेयर 2.02 फीसदी मजबूत होकर 631.95 के स्तर पर बंद हुए।

दूसरी ओर सबसे अधिक नुकसान अल्ट्रा टेक सीमेंट के शेयरों को हुआ। इसमें बिकवाली हावी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 4.72 फीसदी टूटकर 10,448 के लेवल पर बंद हुए, जबकि टाटा ग्रुप की ट्रेंट ने 3.12 फीसदी की गिरावट दर्ज की और इसके शेयर 4,805 के लेवल पर बंद हुआ.

वहीं बजाज ऑटों के शेयरों में 2.2 फीसदी की गिरावट रही और ये 8,232 के स्तर पर बंद हुए, जबकि टाटा मोटर्स के शेयर 1.98 फीसदी की कमजोरी के साथ 648.55 के लेवल पर बंद हुए। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 1.85 फीसदी की गिरावट आई है और ये 2,727 के स्तर पर बंद हुए।

आज बैंकिंग स्टॉक में अच्छी तेजी के कारण् बैंक निफ्टी इंडेक्स 0.28 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ ही 48,744 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी फॉर्मा 0.24 फीसदी की गिरावट के साथ 20,201 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.47 फीसदी टूटकर 38,947 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी एफएमसीजी 0.76 फीसदी फिसलकर 52,055 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ऑटो 1.51 फीसदी गिरावट के साथ ही 21,335 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 104 अंक चढ़कर 74,706 अंक पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी मजबूत के साथ 22,568 अंक पर खुला।

# भारतीय बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी रह सकता है: ब्रोकरेज फर्म

**मुंबई।**

जापान की एक ब्रोकरेज फर्म ने भारतीय शेयर बाजार पर दबाव बने रहने की भविष्यवाणी की है। फर्म का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशक चीन की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे भारतीय बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी रह सकता है। ब्रोकरेज फर्म के अनुसार भारतीय बाजार अभी भी उच्च मूल्यांकन पर ट्रेड कर रहा है, जो निवेशकों के लिए चिंता का विषय है। हाल ही में चीन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (**AI**), रोबोटिक्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (**EVs**) जैसे क्षेत्रों में तेज़ी आई है। खासकर, डीपसीक चैटबॉट के चलते चीन का टेक्नोलॉजी सेक्टर निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। इससे चीन को अब सस्ता बाजार नहीं माना जा रहा, और विदेशी निवेशक तेजी से वहां निवेश बढ़ा रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म ने चेतावनी दी है कि चीन के आकर्षक निवेश माहौल के चलते विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं। साथ ही, भारत की धीमी अर्थव्यवस्था, कमजोर कॉर्पोरेट आय और अमेरिकी टैरिफ नीतियों के कारण भारतीय बाजार पर दबाव और बढ़ सकता है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में हिस्सेदारी 16 फीसदी तक गिर गई है, जो पिछले एक दशक में सबसे कम है लेकिन एफआईआई अभी भी भारतीय शेयरों में 782 अरब डॉलर का निवेश रखते हैं, जो कोविड-पूर्व स्तर से अधिक है। अगर चीन में सकारात्मक माहौल जारी रहा, तो एफआईआई की बिकवाली आगे भी जारी रह सकती है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि अभी तक



म्यूचुअल फंड्स के जरिए शेयर बाजार में रिटेल निवेशकों का आने वाला निवेश मजबूत बना हुआ है लेकिन ब्रोकरेज फर्म को डर है कि अगर घरेलू निवेशक भी म्यूचुअल फंड्स से पैसे निकालने लगते हैं, तो यह बाजार में और गिरावट ला सकता है।

## देश का विकास संबंधी अनुभव अन्य देशों के लिए बन सकता है मिसाल : सीईए

**जोहानिसबर्ग ।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने यहां दक्षिण अफ्रीका और भारत के प्रमुख प्रवासी व्यापारिक नेताओं की संगोष्ठी में कहा कि भारत के विकास संबंधी अनुभव अन्य देशों के लिए मिसाल बन सकते हैं। भारतीय उच्चायोग, जोहानिसबर्ग स्थित महावाणिज्य दूतावास और सीआईआई इंडिया व्यापार मंच द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संगोष्ठी में नागेश्वरन मुख्य वक्ता थे। सीआईआई इंडिया व्यापार मंच दक्षिण अफ्रीका में निवेश करने वाली 150 से अधिक भारतीय कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। नागेश्वरन ने कहा कि भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश है जो लोकतांत्रिक राजनीति के संदर्भ में और संघीय शासन संरचना के संदर्भ में खुद को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहा है। इसलिए, भारत के अनुभव (दक्षिण अफ्रीका) सहित कई देशों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। उन्होंने विकसित भारत योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सदैव उत्साह व अवसरों की भूमि रहेगा जहां अन्य देशों के लिए सीखने के अनेक सार्वजनिक नीति प्रतिमान होंगे क्योंकि हम अगले 25 वर्षों में 3000 अरब से 13000 अरब तक की यात्रा करेंगे। नागेश्वरन ने यह भी सुझाव दिया कि नए वैश्विक परिवेश में साझेदारी के प्रति बदले हुए दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेंगे ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान

**लाहौर (एजेंसी)।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम शुक्रवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान टीम ने जिस प्रकार से इंग्लैंड को हराया है उससे पता चलता है कि अब वह दूसरे दर्जे की टीम नहीं रही। अफगान टीम ने पहले भी आईसीसी टूर्नामेंटों में कई बड़ी टीमों को हराया है। जिसको देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम उसे हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। अफगानिस्तान का लक्ष्य भी इस मैच में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाना रहेगा। उसने इंग्लैंड के खिलाफ 300 से अधिक रन बनाकर मैच जीता है। उसने पिछले साल हुए टी20 विश्व कप में भी सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऐसे में ये मैच रोमांचक होना तय है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो पर उसे अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया था।

दो बार की पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के बाद चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब फिर से जीतना चाहेगी। टीम ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते पर साल 2013 और 2017 में वह फाइनल में नहीं पहुंची जिसके बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन बंद कर दिया गया। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को बिखेरने में सक्षम हैं। नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने कंगारु टीम को कमजोर किया है लेकिन इसने युवा खिलाड़ियों को प्रभावित करने, टीम में अपनी जगह पक्की करने का अवसर है जिसका वह लाभ उठाना चाहेंगे। उसके पास अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान बेन ड्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस और एडम जंपा के पास रहेगी। ये जानते हैं कि आगे बढ़ने इस मैच में जीत जरुरी है। ड्वार्शुइस और जॉनसन हालांकि पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। ऐसे में इनका लक्ष्य इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। जम्पा के रूप में टीम के पास एक अनुभवी स्पिनर है जो पाक के हालातों का लाभ उठा सकता है। वहीं दूसरी और उसकी बल्लेबाजी की कमान इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेलने वाले इब्राहिम जादरान करेंगे। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया का हराया था और इस बार इसेस दोहराना चाहेगा। उसके पास गेंदबाजी में अजमतुल्लाह उमरजई जैसे गेंदबाज है जिसन इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टीम की कप्तानी हशमतुल्लाह शाहिदी कर रहे हैं। उसके पास राशिद खान जैसा स्टार स्पिनर है जो पिच से लाभ उठा सकता है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया** = स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान** =हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

# सचिन, शास्त्री सहित कई दिग्गजों ने अफगानिस्तान टीम की प्रशंसा की

**मुम्बई (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर सहित कई दिग्गजों ने चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान टीम के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि अब कोई भी उनकी जीत पर हैरान नहीं होगा। सचिन ने कहा कि जिस प्रकार अफगानिस्तान ने बड़ा स्कोर बनाया और उसका बचाव किया उससे पता चलता है कि अब वह एक अच्छी टीम को गयी है। अफगान टीम ने लाहौर में पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान की 146 गेंद में 177 रन की शानदार पारी की सहायता से सात विकेट पर 325 रन बनाए और फिर अजमतुल्लाह उमरजई के 58 रन देकर पांच विकेट की सहायता से इंग्लैंड को 317 रन पर मैच जीत लिया।

तेंदुलकर ने सोशल मीडिया में लिखा, 'अफगानिस्तान का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार आगे बढ़ना प्रेरणादायक रहा है। आप अब उनकी जीत को तुक्का नहीं मान सकते, उन्होंने इसे अब आदत बना लिया है। जादरान के शानदार शतक और अजमतुल्लाह के पांच विकेट से अफगानिस्तान ने मैच में जीत तय की जिसके लिए वह तारीफ के काबिल है। ! वहीं भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने उपमहाद्वीप के हालातों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के लिए इंग्लैंड की आलोचना की है। शास्त्री ने लिखा, 'अफगानिस्तान। आप लोग कमाल करते हैं। कमाल कर दिया। इंग्लैंड टीम उपमहाद्वीप में खेलने को बिना किसी बहाने के गंभीरता से लें। केवल तभी आप एक ऐसी टीम के रूप में पहचाने जाएंगे जो दौरा करने में अच्छी है। वहीं विश्व कप 2023 के दौरान अफगानिस्तान के साथ मेंटर के रूप में काम करने वाले पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने भी सोशल मीडिया पर अफगान टीम को बधाई दी है। जडेजा ने लिखा, अफगानिस्तान के प्रशंसक इस जीत के अधिकारी हैं क्योंकि वे दुनिया भर में सबसे अधिक जुनूनी और विनम्र क्रिकेट प्रशंसक हैं। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी उम्मीद जताई कि अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल से आगे जाएगी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी अफगानिस्तान के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड की टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई। ऐसे में अफगान टीम को जीत का श्रेय दिया जाना चाहिये।

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी : बारिश के कारण रद्द हुआ पाकिस्तान , बांग्लादेश मैच



**रावलपिंडी (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में गुरुवार को यहां पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इसा मैच में पहले ही बारिश की आशंकाएं जतायी जा रहीं थीं जो सही निकली। बारिश के कारण टॉस में देरी हुई और जब बारिश नहीं रुकी तो अंपायरों ने इसे रद्द घोषित कर दिया। दोनों ही टीमें पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं थीं। इसलिए ये मैच केवल एक औपचारिकता भर था। इस मैच के नहीं हो पाने से मेजबान पाक टीम अब ग्रुप ए से टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर आ गयी है क्योंकि मैच नहीं होने से दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला पर नेट रन रेट में अधिक होने के कारण बांग्लादेश तीसरे और पाकिस्तान चौथे और अंतिम स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में पाक टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड जबकि दूसरे मैच में भारतीय टीम ने हराया। था। वहीं बांग्लादेश को पहले मुकाबले में भारत और दूसरे में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम पहले और भारतीय टीम दूसरे स्थान पर है। दोनो के ही बराबर अंक हैं पर कीवी टीम का नेट रन रेट अधिक है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : रिजवान ने माना, हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह निराशाजनक है

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का आखिरी मैच रावलपिंडी क्रिकेट ग्राउंड पर बांग्लादेश के खिलाफ बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिससे वे निराश हैं। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान और गत विजेता पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड से 60 रन से हारकर टूर्नामेंट की बेहद खराब शुरुआत की और फिर दुबई में भारत से 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए।




रिजवान ने कहा, 'हम अपने देश के सामने अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे। उम्मीदें बहुत अधिक थीं। हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह हमारे लिए निराशाजनक था। आप अपनी गलतियों से सीख सकते हैं। हमने पिछले कुछ मैचों में गलतियां की हैं। उम्मीद है कि हम इनसे सीख सकते हैं। हम अब न्यूजीलैंड जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम वहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पाकिस्तान में न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने जो गलतियां की हैं, हम उनसे सीख सकते हैं। और हम न्यूजीलैंड में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'हम सभी बहुत निराश हैं। हम सभी देश के लिए यहां हैं। पाकिस्तान हमारी प्राथमिकता है और हमसे बहुत उम्मीदें हैं। हम निराश हैं और हम स्वीकार कर रहे हैं कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उम्मीद है कि हम और कड़ी मेहनत करेंगे और वापसी करेंगे।'

उन्होंने सैम अयूब और फखर जमान की चोटों को पाकिस्तान की टीम के खराब होने का कारण बताने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'वह खिलाड़ी जो पिछले कुछ महीनों से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है... टीम संयुक्त थी और फिर अचानक जब कोई चोटिल होता है, तो टीम परेशान हो जाती है। एक कप्तान के तौर पर आप भी यही उम्मीद कर सकते हैं। एक तरफ, आप कह सकते हैं कि टीम परेशान है, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। हां, फखर जमान और सैम अयूब चोटिल हो गए, लेकिन हम इससे सीखेंगे।'

ग्रुप ए में पाकिस्तान बांग्लादेश के बेहतर नेट रन रेट के कारण तालिका में सबसे नीचे रहा। देश में बेंच स्ट्रेंथ की गुणवत्ता के बारे में पूछे जाने पर रिजवान ने कहा कि देश के क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक व्यावसायिकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'यह बहुत कठिन सवाल है। पाकिस्तान में बेंच स्ट्रेंथ... मुझे पाकिस्तान कप में पांच टीमों को देखने दो। हम अलग-अलग चीजों में सुधार चाहते हैं। अगर हम सुधार करना चाहते हैं और पाकिस्तान को उच्च मानक पर रखना चाहते हैं, तो हमें जागरूकता और व्यावसायिकता की आवश्यकता है। हम चैंपियंस कप में इसे देखते हैं, लेकिन हमें और सुधार की आवश्यकता है।'

# विजेंदर ने बीएफआई चुनाव शीघ्र कराने की मांग की

नई दिल्ली ।ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने कहा है कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव शीघ्र कराये जाने चाहिये। विजेंदर ने ये भी कहा कि अगर अवसर मिला तो वह भी चुनाव लड़ेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीतने वाले विजेंदर ने कहा, ''जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी।



मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता।'' उन्होंने कहा, ''अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करूंगा और पेशेवर सर्किट में उतरता रहूंगा।'' इससे पहले विजेंदर ने कहा कि भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना है तो उन्हें विदेश में अभ्यास का अवसर तलाशना होगा। विजेंदर ने प्रधानमंत्री कार्यालय और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को लिखा, '' इसके लिए, हमें एक मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द से जल्द नए और निष्पक्ष चुनाव कराने की जरूरत है। अगर सरकार हमें कोई जिम्मेदारी देती है तो मुझे अपने अनुभव से योगदान देने को तैयार हूं।'' इस मुक्केबाज ने ये बात भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा बीएफआई के चुनावों में देरी को देखते हुए महासंघ के कामकाज तदर्थ समिति को सौंपने को देखते हुए कही है।

# आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से नाम वापस लिया : स्टार्क



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर रहने का कारण बताया है। स्टार्क ने कहा कि जून में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए फिटनेस बनाये रखने के लिए उन्होंने चैम्पियंस ट्रॉफी से नाम वापस लिया है। स्टार्क को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीम में जगह मिली थी पर जब अंतिम टीम घोषित हुई तो उसमें स्टार्क का नाम नहीं था। तब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा था कि स्टार्क ने निजी कारणों से अपना नाम वापस लिया है। वहीं अब स्वयं इस तेज गेंदबाज ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया के लिए जून में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए तरोताजा रहना चाहते हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा, ''इसके कुछ अन्य कारण भी हैं। टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें टखने में थोड़ा दर्द हुआ था, जिससे उबरने के लिए उन्हें समय चाहिये था। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और उसके बाद वेस्टइंडीज का दौरा भी करना है। बीच में आईपीएल क्रिकेट मुकाबले भी हैं पर उनकी नजरें डब्ल्यूटीसी फाइनल पर टिकी हैं। इससे साफ है कि स्टार्क मोटी धनराशि कमाने आईपीएल में भी नजर आयेंगे।'

# अफगानिस्तान को अब कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा: जोनाथन ट्रॉट

**लाहौर (एजेंसी)।** मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान के चैंपियन्स ट्रॉफी में इंग्लैंड को हराकर यादगार जीत दर्ज करने के बाद उनकी टीम को कोई भी अन्य टीम हल्के में नहीं लेगी। इब्राहिम जादरान की शानदार 177 रन की पारी और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई के पांच विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ आठ रन से रोमांचक जीत दर्ज की।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने करो या मरो के अगले मुकाबले से पूर्व ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान की टीम हाल ही में विश्व कप में इस टीम के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करेगी। ट्रॉट ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''जब से मैं कोच बना हूं, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन बार खेला है और हमने हर मैच में चुनौती दी है इसलिए हमें इससे बहुत आत्मविश्वास लेना चाहिए।''

उन्होंने कहा, 'और मुझे लगता है कि विश्व कप, टी20 विश्व कप में जो हुआ, मैं खिलाड़ियों से भी यही कहता हूं कि अफगानिस्तान को फिर कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा।' ट्राट ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम जो भी मैच खेलेंगे वह प्रतिस्पर्धी होगा और हम जब भी मुकाबले में उतरेंगे तो मुझे जीत की उम्मीद होगी।'

टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले स्थापित देशों के खिलाफ अफगानिस्तान की जीत को अब उलटफेर के रूप में नहीं देखा जाता और विश्व मंच पर हाल के प्रदर्शनों का मतलब है कि कोई टीम उन्हें हल्के में लेने को जोखिम नहीं उठा सकती। ट्रॉट ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया हमें हल्के में नहीं लेने वाला है इसलिए हमें तैयार रहना होगा। अतीत में शायद लोगों ने कार्यक्रम देखा होगा और सोचा होगा कि यह बड़े टेस्ट देश के खिलाफ खेलने से थोड़ा आसान होगा। लेकिन इस प्रारूप में, इन परिस्थितियों में, मुझे ऐसा नहीं लगता।' दो मैच में दो अंक के साथ अफगानिस्तान अब भी सेमीफाइनल की दौड़ में है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से टीम के चार अंक हो जाएंगे जो उसे शीर्ष दो में पहुंचा देगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के दो मैच में तीन अंक हैं। अफगानिस्तान हालांकि अगर ऑस्ट्रेलिया से हार जाता है तो प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगा।

# प्रीमियर लीग : लिवरपूल ने न्यूकैसल को हराकर टॉप पर 13 अंक की बढ़त बनाई

लिवरपूल। लिवरपूल ने बुधवार रात एंफील्ड में न्यूकैसल यूनाइटेड को 2-0 से हराकर प्रीमियर लीग में अपनी बढ़त 13 अंकों तक बढ़ा ली। डोमिनिक स्ज़ोबोस्जलाई और एलेक्सिस मैक एलिस्टर के गोल ने लिवरपूल को यह जीत दिलाई, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ ड्रॉ खेलने के कारण और पिछड़ गया। बारिश के बावजूद लिवरपूल ने शानदार खेल दिखाया और जल्दी ही बढ़त बना ली। टीम के लिए इस सीजन का 100वां गोल स्ज़ोबोस्जलाई ने किया, जो उनका सातवां गोल था। मैच में दोनों टीमों ने तेज प्रसास किया और यह आक्रामक खेल के साथ जारी रहा। लिवरपूल की रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान सिमिकास ने पेनल्टी क्षेत्र के अंदर दाहिने पैर से जोरदार शॉट मारा, जो गोल के ऊपर से चला गया। जबकि न्यूकैसल के कालम विल्सन को गोल करने का बेहतरीन मौका मिला, लेकिन वह गेंद को सही दिशा में नहीं मार सके। हाफ टाइम से पहले लिवरपूल के लिए सोबोस्लाई और मोहम्मद सालाह ने भी गोल करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में चोटों के कारण खेल कई बार रुका, लेकिन लिवरपूल ने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। मैक एलिस्टर ने न्यूकैसल के डिफेंस से गेंद छीनी और कुछ पास खेलने के बाद 63वें मिनट में शानदार शॉट लगाकर गोल कर दिया। इस गोल में सालाह की भी अहम भूमिका रही, जिन्होंने सही समय पर उन्हें पास दिया। लिवरपूल के गोलकीपर एलिसन ने एक क्रॉस को रोककर अपनी टीम को दो गोल की बढ़त बनाए रखने में मदद की। इसके तुरंत बाद सालाह के शानदार पास पर डियाज ने एक और प्रयास किया, लेकिन गेंद गोल पोस्ट के बाहर चली गई। मैच के अंतिम पलों में सालाह का एक और शॉट न्यूकैसल के गोलकीपर पोप ने रोक लिया, लेकिन लिवरपूल ने बिना किसी मुश्किल के अपनी जीत दर्ज कर ली।




# शुभमन बीमार और रोहित हुए चोटिल , न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना तय नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। उसे अब अपने अंतिम लीग मैच में 2 मार्च को न्यूजीलैंड से खेलना है। कीवी टीम भी सेमीफाइनल में आ गयी है। ऐसे में ये मैच केवल औपचारिकता है और इसके परिणाम से टूर्नामेंट पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के चोटिल होने और उपकप्तान शुभमन गिल के बीमार होने की खबरें हैं। इसी कारण रोहित और शुभमन बुधवार को हुए अभ्यास सत्र में भी शमिल नहीं हुए थे। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सहित अन्य सभी खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। शमी ने काफी गेंदबाजी की जिससे उनके लय हासिल करने की उम्मीद है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शमी शुरुआती तीन ओवरों के बाद मैदान से बाहर चले गये थे।

रोहित और शुभमन को लेकर टीम प्रबंधन ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। वहीं ऐसा माना जा रहा है कि रोहित अभी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं, उन्हें ये चोट पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दूसरे लीग मैच के दौरान लगी थी। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ समय के लिए ड्रेसिंग रूम में चले गए थे लेकिन फिर मैदान पर लौट आए। एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित अभी अपनी चोट को लेकर सावधानी बरत रहे हैं जिससे कि सेमीफाइनल तक पूरी तरह से फिट हो जायें। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। ऐसे में रोहित को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे लीग मैच में आराम भी दिया जा सकता है।




# रणजी से संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के लिए नई लीग की तैयारी, जून-जुलाई में खेले जाने की संभावना

नई दिल्ली । रणजी क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ियों के लिए फेंचाइजी आधारित एक लीग पर काम चल रहा है, जिसका मेंटोर (मर्गदर्शक) भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार को नियुक्त किया गया है। टूर्नामेंट जून या जुलाई में खेले जाने की उम्मीद है। 'एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल)'' में छह फेंचाइजी टीमें भाग लेंगी और इसमें कुल 18 मैच खेले जायेंगे। प्रवीण ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, 'मैं रणजी खिलाड़ियों के योगदान को मान्यता देने के लिए ईवीसीएल का समर्थन कर के वास्तव में खुश हूं। इन खिलाड़ियों को श्रेय देना महत्वपूर्ण है क्योंकि इन खिलाड़ियों को करियर में ज्यादा पहचान नहीं मिली है।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह लीग उनके लिए अपने करियर को फिर से चमकाने और कमाई करने का अवसर प्रदान करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लीग के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण जल्द ही शुरू होगा।'




# चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरी बार खिलाड़ियों की सुरक्षा दाव पर, अफगानी खिलाड़ियों को खींचा

**कराची (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जब अफगानिस्तान के प्लेयर इंग्लैंड को हराकर मैदान पर जश्न मना रहे थे तब एक दर्शक सुरक्षा को तोड़कर अफगानी खिलाड़ियों तक जा पहुंचा। उक्त शख्स ने अफगानी खिलाड़ियों को गले लगाने की कोशिश की। हालांकि, सुरक्षाकर्मी तुरंत दौड़े और उस व्यक्ति को बाहर ले गए। लेकिन एक बार फिर से ऐसी घटना होने से क्रिकेट जगत सकते में है। यह पहली बार नहीं है जब इस टूर्नामेंट में किसी मैच के दौरान किसी आदमी ने पिच पर हमला किया हो। न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश मैच के दौरान, पाकिस्तान में एक आतंकवादी समूह के एक समर्थक को पिच में दौड़ते हुए और रचिन रवींद्र को पीछे से पकड़ने की कोशिश करते देखा गया था।

तब सुरक्षा गार्ड ने उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया था। प्रशासन ने शख्स के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला लिया था। कहा गया कि उक्त व्यक्ति पर पाकिस्तान में किसी भी क्रिकेट स्थल में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, पीसीबी इस बात पर जोर दे रही है कि रावलपिंडी और लाहौर में पिच पर लगातार हमलों के बाद बोर्ड सभी स्थानों पर सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल अपना रहा है।

पीसीबी का कहना है कि कल हुए सुरक्षा उल्लंघन को गंभीरता से लिया है जब एक दर्शक खेल के मैदान में घुस गया। खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बयान में कहा गया है, 'इसमें शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और आज अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके अलावा, उन्हें पाकिस्तान के सभी क्रिकेट स्थलों में प्रवेश पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसमें शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और आज अदालत में पेश किया गया। इसके अलावा, उन्हें पाकिस्तान के सभी क्रिकेट स्थलों में प्रवेश करने से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।





# इस खास दिन पर आरसी 16 के शीर्षक से उठेगा पर्दा

राम चरण की फिल्म गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। हालांकि, अब राम चरण ने अपनी अगली फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। वह बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म के निर्माण में जुटे हुए हैं। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है और टीम जल्द ही तीन सप्ताह के शेड्यूल के लिए दिल्ली जाने वाली है।

इस दिन सामने आएगा फिल्म का शीर्षक फिल्म के शीर्षक का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसा लगता है कि निर्माता अब फिल्म के नाम से पर्दा उठाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के बहुप्रतीक्षित शीर्षक की आधिकारिक घोषणा 27 मार्च, 2025 को की जाएगी। इस दिन राम चरण का जन्मदिन भी है। ऐसे में अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर ही फैंस को खास तोहफा मिलेगा।

### फिल्म का टीजर भी होगा जारी

खबर है कि शीर्षक के खुलासे के अलावा बुची बाबू सना एक छोटा सा टीजर भी जारी करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक एलान का इंतजार है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम आरसी 16 रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। जान्हवी–राम चरण की साथ में पहली फिल्म हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से निर्मित स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में लिया गया है, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है।

### फिल्म के शीर्षक का खुलासा?

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि बुची बाबू सना ने फिल्म का टाइटल पेड्डी चुना है, लेकिन अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच राम चरण सार्वजनिक तौर पर कम ही नजर आ रहे हैं, ताकि फिल्म से अभिनेता के लुक का खुलासा न हो। वहीं, अब राम चरण के जन्मदिन के मौके पर ही फिल्म से जुड़ा दिलचस्प अपडेट सामने आने का इंतजार है।



# श्रुति हासन ने बताया, कैसे उनकी संगीत यात्रा पर रहा है पिता कमल हासन का प्रभाव

अभिनेत्री श्रुति हासन ने हाल ही में अपने पिता और एक्टर कमल हासन के साथ एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस पोस्ट में श्रुति ने अपने म्युजिक के प्रति प्यार और अपनी संगीत यात्रा पर अपने पिता कमल हासन के प्रभाव के बारे में बताया। पिता के साथ स्टेज पर बिताए खास पलों का वीडियो शेयर करते हुए श्रुति ने कैप्शन में लिखा, जब से मुझे याद है, मुझे गाना बहुत पसंद है। मेरी मां ने मुझे संगीत सिखाया, लेकिन बचपन से ही मेरे पसंदीदा गायन साथी मेरे अप्पा कमल हसन रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कैसे कमल हासन ने उन्हें मंच पर प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास दिया और अब वह मंच को अपना दूसरा घर मानती हैं। श्रुति ने अपने पिता से जीवनभर में सीखे गए महत्वपूर्ण पाठों को याद करते हुए कहा, उन्होंने मुझे सिखाया कि मंच हमारा घर है। हमें निडर रहना चाहिए और अपनी सभी भावनाओं को व्यक्त करना चाहिए। इस दिल को छूने वाले वीडियो में पिता और बेटी के बीच एक प्यार भरे और मजबूत पल को दिखाया गया है, जो उनके बीच संगीत के प्रति साझा प्रेम और उनके संबंध को और भी खास बनाता है। इस बीच, श्रुति हासन महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के मुकाबले के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में परफॉर्म करेंगी। श्रुति हासन ने कई हिट गाने दिए हैं, जिनमें आजमा (लक) और सिनेमा छुपी मां जैसे मशहूर गाने शामिल हैं। साथ ही हाल ही में



अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित फिल्म कुली का हिट गाना डिस्को भी है। काम की बात करें तो, अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें वह रजनीकांत के साथ नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में एक खास डांस नंबर करने के लिए पूजा हेगड़े को चुना गया है। कुली एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म है, जो सोने की तस्करी करने वाले माफिया पर आधारित है। इस फिल्म में नागार्जुन, उपेंद्र, सत्यराज, सौबिन शाहिर, संदीप किशन और रेबा मोनिका जॉन जैसे शानदार कलाकार भी हैं। इसके अलावा, बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान भी कथित तौर पर फिल्म में एक गेस्ट रोल में नजर आएंगे।

**फिल्म 'छावा' में दिव्या दत्ता ने सोयराबाई की भूमिका निभाई है। इस भूमिका में उनके अभिनय को काफी सराहा गया है, जबकि फिल्म में उनके हिस्से बहुत अधिक सींस नहीं थे। वहीं फिल्म में रश्मिका मंदाना ने भी येशूबाई की भूमिका की, जो विक्की कौशल के किरदार संभाजी महाराज की पत्नी हैं। इस किरदार में रश्मिका के अभिनय को कुछ दर्शकों ने पसंद नहीं किया है। रश्मिका की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। ऐसे में दिव्या दत्ता ने उन्हें सपोर्ट किया है।**



# दिव्या ने किया रश्मिका मंदाना को सपोर्ट, 'छावा' में एक्टिंग को लेकर एक्ट्रेस को मिल रही है आलोचना

दिव्या दत्ता ने हाल ही में इंटरव्यू में कहा है कि रश्मिका मंदाना की पिछली फिल्में हिट रही हैं, ऐसे में उनमें कोई तो बात होगी कि दर्शक इस तरह का रेस्पॉन्स देते हैं। वह बताती हैं कि रश्मिका बहुत प्यारी लड़की हैं, उनकी आंखें पर्दे पर मन को मोह लेती हैं। वह एक अच्छी एक्ट्रेस हैं।

### अपने किरदार को लेकर क्या सोचती हैं

अपने किरदार के बारे में दिव्या दत्ता बताती हैं कि मैंने फिल्म 'छावा' में सोयराबाई का रोल किया है, इसके लिए दर्शकों की तरफ से सराहना मिली है। साथ ही कुछ लोगों का कहना है कि मेरे किरदार को लंबा होना चाहिए था। लेकिन सबसे अहम बात है कि हमारी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल रही है।

### कई उम्दा कलाकार फिल्म में हैं शामिल

फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना, दिव्या दत्ता के अलावा आशुतोष राणा, प्रदीप राम सिंह रावत, संतोष जुवेकर सिंह, डायना पेंटी ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। साथ ही औरंगजेब के रोल में अक्षय खन्ना और कवि कलश के रोल में विनीत कुमार नजर आए हैं। इन सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी सराहा है।



# हॉलीवुड डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं प्रनूतन बहल

प्रनूतन बहल, जो दिवंगत एक्ट्रेस नूतन की पोती और मोहनीश बहल की बेटी हैं, जल्द हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। वह फिल्म कोको & नट में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जिसमें उनके साथ एक्टर रहसान नूर भी होंगे। यह फिल्म एक रोमांटिक कहानी पर आधारित है और 2025 में रिलीज होगी। प्रनूतन के लिए हॉलीवुड डेब्यू एक बड़ा अवसर है और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

अभिनेत्री ने कहा मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। इस फिल्म में मेरा किरदार बहुत खूबसूरत है और यह एक पूरी तरह से रोमांटिक फिल्म है। मेरी पहली फिल्म 'नोटबुक' भी रोमांटिक थी, लेकिन उसमें मेरा मेल लीड से उतना इन्वॉल्वमेंट नहीं था। लेकिन इस बार यह पूरी तरह रोमांटिक लव स्टोरी है और मुझे इसे करने का मौका लंबे इंतजार के बाद मिला। 2023 के अंत में, मुझे इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया और हमने इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया। उम्मीद है कि इस साल फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा ये मेरे लिए सिर्फ 'हॉलीवुड डेब्यू' नहीं, बल्कि एक नए एक्सपीरियंस का मौका है। मेरी सोच हमेशा से सिंपल रही है – कोई भी प्रोजेक्ट करो, उसे पूरे दिल और मेहनत से करो। चाहे हिंदी सिनेमा हो, तेलुगु इंडस्ट्री हो या हॉलीवुड, क्रिएटिव फील्ड में असली पहचान आपकी भाषा से नहीं, आपकी परफॉर्मेंस से बनती है। जब आप सच्चाई और ईमानदारी से कोई किरदार निभाते हैं, तो वो स्क्रीन पर दिखता है। यही सबसे जरुरी चीज है।

# जॉन अब्राहम के साथ राकेश मारिया की बायोपिक बनाएंगे रोहित शेट्टी



रोहित शेट्टी जॉन अब्राहम के साथ अपनी अगली एक्शन फिल्म का निर्देशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म मुंबई के एक मशहूर पूर्व पुलिस कमिश्नर राकेश मारिया के जीवन पर आधारित है। रोहित शेट्टी इस फिल्म को जल्द ही फ्लोर पर ले जाने का विचार कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने काम भी शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित का लक्ष्य 45–डे स्टार्ट–टू–फिनिश शेड्यूल में फिल्मांकन पूरा करना है, जिसका प्रोडक्शन अगले महीने शुरू होने वाला है। जॉन फिल्म में राकेश मारिया का किरदार निभाएंगे, जिनके करियर की पहचान 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों और 26/11 के आतंकी हमलों जैसे बड़े मामलों से रही है। राकेश मारिया के संस्मरण लेट मी से इट नाउ पर आधारित यह फिल्म एक रोमांचक ड्रामा होगी।





# रोहित रॉय ने हिना खान की तारीफ में किया पोस्ट

**हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। अभिनेत्री का उपचार चल रहा है। हिना अक्सर अपनी हेल्थ को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आती हैं। इस मुश्किल वक्त का सामना हिना काफी सकारात्मक तरीके से कर रही हैं। एक तरफ वह अपने घूमने-फिरने के शौक को भी पूरा कर रही हैं तो वर्क फ्रंट पर भी एक्टिव हैं। फैंस और इंडस्ट्री के तमाम सितारे हिना की तारीफ करते नजर आते हैं।**

हाल ही में रोहित रॉय भी हिना की हिम्मत को सलाम करते दिखे हैं। रोहित रॉय ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने हिना के साथ अपनी एक फोटो शेयर की है। इसके साथ लिखा है, यह तारीफ भरा पोस्ट मेरी जानकारी में सबसे मजबूत लड़कियों में से एक के लिए है। वह जंग लड़ रही है और मुझे यकीन है कि वह समय के साथ इसे हरा देगी। लेकिन, इस मुश्किल वक्त में और जब वह लड़ रही है, तब भी उसके चेहरे की मुस्कान कभी नहीं जाती। तुम्हें और हिम्मत मिले हिना खान।

### हिना ने कहा शुक्रिया

रोहित के पोस्ट के पोस्ट पर हिना खान ने कमेंट किया है और उनका आभार जताया है। हिना ने लिखा है, बहुत बहुत शुक्रिया। जिंदगी ने मुझे नींबू दिए, मैंने उनसे करतब दिखाना सीखा। यह सीख मुझे मेरे पिताजी ने दी। आप मुझे अपनी दुआओं में याद रखिए प्लीज।

### हिना के लिए फैंस ने की दुआ

रोहित के पोस्ट पर हिना के फैंस के खूब कमेंट आ रहे हैं। यूजर्स अभिनेत्री के जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत दिल वाले लोग ऐसे ही होते हैं, जिंदगी उनकी परीक्षा लेती है। एक यूजर ने लिखा, मुस्कुराना कोई हिना से पूछे। हिना के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें हाल के दिनों में गृहलक्ष्मी शो में देखा गया।



# अल्फा की तैयारी करती नजर आई शरवरी वाघ

अभिनेत्री शरवरी वाघ ने इंस्टाग्राम पर अपनी बेहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं। शरवरी वाघ फोटोज में रस्सी से एक्सरसाइज करते हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है जल्द ही अल्फा के लिए जंग की तैयारी। शरवरी जल्द ही अल्फा फिल्म में नजर आने वाले हैं, वह इसकी तैयारी कर रही हैं। शरवरी हाल ही में मुंजया में नजर आई थीं। उनका गानातरस नी आया काफी मशहूर हुआ।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

### मतदाता अवश्य करें अपने मताधिकार का प्रयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

# प्रत्येक मतदाता मेयर व मेंबर के लिए अलग-अलग डालेंगे वोट : डीसी विक्रम सिंह

### मेयर पद उमीदवार के लिए पिंक बैलेट और वार्ड मेंबर के लिए सफेद बैलेट होगी निशानी



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र प्रणाली का भागीदार बने। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में सभी एआरओ के साथ आगामी 02 मार्च को होने वाले फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर हर स्तर पर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि इस बार जिला फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव के दौरान पहली बार हर मतदाता दो बार वोट डालेगा, एक मेयर पद उमीदवार के लिए और दूसरा वार्ड मेंबर के लिए। ऐसे में कोई भी मतदाता केवल एक वोट करके ही न चला जाए इसके लिए मेयर पद चुनाव के लिए पिंक रंग और वार्ड मेंबर के लिए सफ़ेद रंग के बैलेट पेपर निर्धारित किये गए हैं ताकि मतदाता को वोट देते समय यह पता रहे की वह मेयर पद और वार्ड मेंबर के लिए अलग अलग मशीन से वोट कर रहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सुनिश्चित करें कि ईवीएम चालू है और सही तरह से काम कर रही है। स्क्रीन साफ और मतदाताओं के लिए पूरी तरह से ठीक है, यह सुनिश्चित करें। अगर किसी मशीन में कोई कमी है तो उसकी जगह रिजर्व की गयी मशीनों का उपयोग किया जा रहा हो तो इस बारे मशीन की जानकारी कैंडिडेट को अवश्य दें। वहीं उम्मीदवारों का चयन करने के लिए बटनों की प्रक्रिया की पूरी निष्ठा के साथ साथ जाँच करें। साथ ही चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि ईवीएम को सुरक्षित रूप से रखा गया है और मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है।

### मतदान के लिए ये हैं जरूरी दस्तावेज

इन 15 फोटोयुक्त वैकलपिक दस्तावेजों में ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, केन्द्रीय/राज्य सरकार कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी को जारी किया गया सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र जिसमें फोटो हो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त एससी/एसटी/ओबीसी प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जारी फोटोयुक्त जॉब कार्ड, पट्टा, पंजीकृत विलेख जैसे फोटोयुक्त संपतति दस्तावेज, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक/पेंशन भुगतान आदेश, भूतपूर्व सैनिक विधवा/आश्रित प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश, फोटोयुक्त विधवा पेंशन आदेश, फोटो युक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त राशन कार्ड या कोई अन्य दस्तावेज जो पीठासीन अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार मतदाता की पहचान स्थापित करता हो, आधार कार्ड और पासपोर्ट। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र या निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 15 फोटोयुक्त वैकलपिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर ही मतदान करने जाएं और मतदान करने में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी दर्ज कराए।

## मतदान के 48 घण्टे की समयावधि में बंद रहेगा चुनाव प्रचार: उपायुक्त



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि लोक मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की समय अवधि के दौरान किसी भी तरह का प्रचार-प्रसार बंद हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस समयावधि में कोई भी उम्मीदवार न तो किसी तरह की जनसभा आयोजित कर सकता है और न ही उसमें शामिल हो सकता है। इस दौरान किसी भी तरह की चुनावी सामग्री को सिनेमाटोग्राफी, टेलीविजन या अन्य उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, किसी मतदान क्षेत्र में इस प्रतिबंधित अवधि के दौरान आमजन को आकर्षित करने की दृष्टि से म्यूजिक कॉन्सर्ट या थियेटर प्रोग्राम या अन्य मनोरंजक कार्यक्रम के माध्यम से किसी प्रकार का चुनावी प्रचार भी नहीं किया जा सकता। इस समय अवधि के दौरान लाउडस्पीकर के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई उपरोक्त निर्देशों की अवहेलना करता है या इनकी अनुपालना नहीं करेगा तो इसे गंभीर माना जायेगा और उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मतदान के दिन मेयर पद उम्मीदवार 5 और वार्ड मेंबर आवागमन के लिए 2 गाड़ियों का ही इस्तेमाल कर सकता है जिस गाडी पर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री न लगी हो।

## एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने किया विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम फिरोजपुर झिरका लक्ष्मी नारायण द्वारा रानियाला, अखनाका, रीगड व अगोन के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान अध्यापको का उपस्थिति रजिस्टर चैक किया गया तथा स्कूलों में व्यवस्थाओं को जांचा गया। इस के साथ ही कक्षाओं में विद्यार्थीयों से पढ़ाई बारे बातचीत की गई। विद्यालयों में कक्षाओं की व्यवस्थाएं ठीक नहीं पाई गई। एसडीएम द्वारा मौके पर ही पढ़ाई व व्यवस्थाओं बारे अध्यापकों को हिदायते दी गई व अनुपस्थित पाए गए अध्यापकों से खंड शिक्षा अधिकारी में माध्यम से स्पष्टीकरण लिए जाने बारे लिखा गया।

## शिवरात्रि पर किया महाभिषेक का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर महाभिषेक का आयोजन किया गया। अधिक जानकारी देते हुए मोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि यह महाभिषेक शिव मंदिर के पूजारी आचार्य प्रेम प्रकाश कटारा जी व बृज धाम से आए हुए शास्त्रीयों के द्वारा करवाया गया। यह महाभिषेक दूध, दही, घी, शहद, बूरा, गुलाब जल, इत्र व महाकुंभ से लाया हुआ गंगा जल से मंत्रों द्वारा करवाया गया। बरसाना की लाडली बेटी राधिका कटारा द्वारा शिव परिवार का श्रृंगार किया गया जिससे देख कर सभी भक्तजन मंत्र मुग्ध हो गए। इस अवसर पर राजू गोयल, पीयूष शर्मा, मनीष जैन, पारस अग्रवाल, विपुल गुप्ता, नवीन सिंगला, लोकेश अग्रवाल, मीनू गुप्ता व अनुराधा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना करने से दूर होते है सभी दुख : डॉ राजेश भाटिया

### श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह सवेरे से ही मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की लम्बी-लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई, जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, श्रद्धालुओं का तांता भी बढ़ता गया। तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर से मंदिर के प्रधान श्री जगदीश भाटिया की अध्यक्षत्ता में भगवान भोले शंकर की बारात धूमधाम से निकली, जोकि बाजारों में ढोल नगाड़ों के साथ गुजरती हुई सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नं- 1, के प्रांगण में पहुंचे, जहां भगवान शिव शंकर और माता पार्वती ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर विधिवत रुप से विवाह सम्पन्न किया गया। इस धार्मिक आयोजन को देख लोग भावुक हो गए। इस मौके पर मंदिर के प्रधान डॉ राजेश भाटिया ने मन्दिर में रूद्राभिषेक करने के उपरांत सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि देवों के देव महादेव श्री शिव जी भोले भण्डारी को माना जाता है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान श्री शिव जी व माता पार्वती का विवाह हुआ और इस भव्य आयोजन में मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में महाशिवरात्रि को महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। महाशिवरात्रि के दिन विभिन्न पवित्र वस्तुओं से शिव जी भगवान का पूजन व अभिषेक किया जाता है और बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, अबीर, गुलाल, शहद आदि शिव जी भगवान को अर्पित की जाती है और बाबा की पूजा करने से वह अपने भक्तों के सभी दुखों को दूर कर देते है। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राज कुमार वोहरा, गुलशन बग्गा, बंसीलाल कुकरेजा, भरत अरोड़ा, हरि कृष्ण गिरोटी, प्रदीप झाम, रवि सोनी, नरेश गोसाई, सुमन बाला, जनक भाटिया, शैला कपूर, जानवी भाटिया, सोनिया, दिया गुलाटी, चारु ग्रोवर, सुमन चोपड़ा, रानी चोपड़ा, नेतराम गांधी, करण भाटिया, वेद प्रकाश भाटिया, अमर बजाज, इंदर चावला, सुरेंद्र गेरा, राहुल उपाध्याय, राहुल मक्कड़, विक्की रतड़ा, अमित नरूला, रिंकल भाटिया, भरत कपूर, सचिन भाटिया, कमल चोपड़ा, इशांत कथूरिया, विशाल भाटिया, विकास भाटिया, दविंदर डुडेजा, जितांशु चावला, प्रेम बब्बर, गगन अरोड़ा, अजय शर्मा, आशीष अरोड़ा, गौरव गुलाटी, भव्य मलिक, शिवम तनेजा, मुकुल कपूर, परिन अरोड़ा, भाविक नरूला, रविंदर गुलाटी, अनमोल गुलाटी, हितेश आहूजा, सोनू शर्मा, जतिन बांगा, सतीश कपूर, अमित भाटिया, नवीन रंगीला, भरत आहूजा, आर्यन खत्री, साहिल भाटिया, मनीष कपूर, हर्ष भाटिया, प्रणव ग्रोवर, पंकज, हर्षिल खत्री उपस्थित रहे।

# मार्च के बाद पहले फेज में एक लाख परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देंगे : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी





**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**सीवन/कलायत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को सीवन नगर पालिका के भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल और कलायत नगर पालिका से भाजपा उम्मीदवार मैनपाल राणा के समर्थन दोनों जगह जनसभाएं की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोनों जगह की जनता को विश्वास दिलवाया कि सीवन और कलायत में कमल खिलाकर भेज दें, विकास की गारंटी मैं लेता हूं। सीवन और कलायत को और ज्यादा चमकाने में कसर नहीं रहने दी जाएगी। ये मेरी ही नहीं प्रधानमंत्री की भी गारंटी है कि किसी भी क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहने देंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को ट्वीट के अलावा कुछ नहीं आता, अब तो उनके ट्वीट में भी भ्रष्टाचार की बदबू आने लगी है। कांग्रेस के नेता जनता को बरगला रहे हैं कि भाजपा ने कुछ काम नहीं किया। लेकिन उन्हें धरातल की कोई जानकारी नहीं। भाजपा ने सरकार बनने के 100 दिनों के अंदर 18 महत्वपूर्ण वादे पूरे किए हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में वादा किया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्लॉट देंगे और हमने 14 शहरों के 15 हजार 340 परिवारों को शहरी आवास योजना के तहत 30-30 गजे से प्लॉट दे भी दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि गांवों के रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मकान बनाकर देंगे। इस प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाते हुए भाजपा 12 मार्च के बाद पहले फेज में 1 लाख परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देगी।

सैनी ने जनता से भाजपा को जिताने की अपील की। जनसभाओं में सांसद नवीन जिंदल, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, डीएससी समाज के नेता स्वदेश कबीर, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, कैलाश भगत, नगर परिषद चेयरमैन सुरभि गर्ग,चुनाव प्रभारी डॉ. पवन सैनी, ओमप्रकाश पहल, जसवंत पठानियां, अजय प्रताप राणा आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का निकाय चुनाव में ताबड़तोड़ प्रचार अभियान जारी, सीवन और कलायत में की जनसभाएं

### सीएम बोले : कमल खिलाएं, विकास की गारंटी मैं लेता हूं

### अब तो कांग्रेस के ट्वीट से भी भ्रष्टाचार की बदबू आने लगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**प्रधानमंत्री ने फीडबैक लिया**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज सुबह ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात हुई। करीब 30-40 मिनट तक प्रधानमंत्री हरियाणा के बारे में अपडेट लेते रहे। सभी योजनाओं के बारे में जानकारी ली, बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछा और गति देने पर जोर दिया। नगर निगम चुनाव को लेकर भी प्रधानमंत्री ने अपडेट लिया, मैंने जनता के बलबूते पर प्रधानमंत्री को कहा कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस तीसरी बार जीरों पर आउट हुई है, वैसे ही हरियाणा नगर निगम चुनाव में भी जनता कांग्रेस को जीरो पर आउट करेंगे।

**महत्वपूर्ण फैसलों से बदला हरियाणा के लोगों का जीवन**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभाओं में कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र के वादे के अनुसार प्रदेश के सरकारी अस्पतालों, पीजीआई और मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस की सुविधा फ्री दी जा रही है। भाजपा ने कृषि क्षेत्र की बड़ी समस्या का समाधान करते हुए कानून बनाकर पट्टेदारों को जमीन का मालिकाना हक दिया। पंचायती जमीन पर जिन लोगों के मकान 20 साल से ज्यादा समय से बने हैं, उन्हें भी मालिकाना हक देने का काम किया। सैनी ने कहा कि प्रदेश की 15 लाख महिलाओं को 500 रुपये में सिलेंडर दिया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश हैं कि इस योजना में सभी पात्रों को जोड़ा जाए। गरीब को सशक्त किया जा रहा है।

**कांग्रेस वादे पूरे नहीं करती, युवाओं की भर्ती भी रुकवा दी थी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जनता से वादा किया था कि महिलाओं को 1500 रुपये प्रति महीना दिए जाएंगे, 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। लेकिन महिलाओं को कांग्रेस आज तक कुछ नहीं दिया। ढाई साल का समय हो गया वहां सरकार बने, कांग्रेस अभी तक योजना भी नहीं बना पाई। दरअसल कांग्रेस अपनी गलत नीतियों के कारण हरियाणा और दिल्ली से साफ हुई है। हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने युवाओं की सरकारी नौकरी का रिजल्ट रुकवा दिया था। लेकिन जनता ने कांग्रेस के मनसूबे पूरे नहीं होने दिए। भाजपा की सरकार बनते ही मैंने सीएम पद की शपथ बाद में ली, पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी दी।

# सीपीआर की जानकारी सभी के लिए लाभकारी : विश्राम कुमार मीणा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह ने आज वीरवार को पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मालब द्वारा आयोजित स्वास्थय जागरूकता शिविर में स्वस्थ रहने तथा जीवन दायिनी विधि सी पी आर तकनीकी बारे जागरूक किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल सुरेश पांडे ने की तथा बताया कि उनका विद्यालय जिले के मुख्य मार्ग पर है अत उनके विद्यालय के छात्रों को फर्स्ट एड का ज्ञान अनिवार्य है।

जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने करीब 250 विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार लेने, हरि पत्ती वाली सब्जियां, लोहे की कढ़ाई में खाना बनवाने बारे जागरूक किया ताकि हर छात्र छात्रा का हीमोग्लोबिन बेहतर हो और वह स्वस्थ हो। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी दुर्घटना के दौरान घायल को मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्तिथी में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, हार्ट के कार्य न करने तथा सांस न आने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी.पी.आर. का प्रयोगात्मक तरीका समझाया। इस जागरूकता सेमिनार में अध्यापक कय्यूम, दलबीर सिंह, प्रकाशचंद, विजेंद्र, शिखा, मधु, अंजू, प्रवेश, असगर आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी उपस्थित को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा मुहिम के तहत सड़क सुरक्षा नियमों कोकी पालना हेतु शपथ दिलाई गई।